चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 268, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 28 अक्तूबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

साल 2014 से पहले सरकार ही हैंग मोड में थी', लोग समझ गए अब रीस्टार्ट से कुछ नहीं होगा: पीएम

भारत 6जी तकनीक में दुनिया का नेतृत्व करेगा: मोदी

नई दिल्ली

2023 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के दिल्ली के प्रगति मैदान में इंडिया मोबाइल कांग्रेस के 7वें संस्करण का उद्घाटन किया। इस दौरान रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड के चेयरमैन आकाश अंबानी ने प्रधानमंत्री को दूरसंचार के क्षेत्र में उनकी कंपनी द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया। बता दें कि इस कार्यक्रम में इनोवेशन और तकनीक से जुड़े कई अपडेट पेश किए जाएंगे। इससे जुड़ी कंपनियां अपने भविष्य की योजनाओं की भी यहां घोषणा करेंगी।

पीएम मोदी बोले- अब 2जी स्कैम के दिन गए: इंडिया मोबाइल कांग्रेस को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा हम न केवल देश में 5जी का विस्तार कर रहे हैं, बल्कि 6जी तकनीक के क्षेत्र में अग्रणी बनने की दिशा में भी आगे बढ़ रहे हैं। पीएम ने कहा कि हर कोई जानता है कि 2जी (स्पेक्ट्रम आवंटन) के दौरान क्या हुआ था, लेकिन हमारी सरकार के दौरान हम पर कोई दाग नहीं लगा। मुझे विश्वास है कि भारत 6जी तकनीक में दुनिया का नेतृत्व करेगा। पीएम ने आगे कि पहले 2014 तक फोन के साथ सरकारें भी हैंग कर जाती थीं, इसलिए लोग भी समझ गए थे कि अब रीचार्ज या रीस्टार्ट से कुछ नहीं होगा। इसलिए उन्होंने सब बदल दिया।

पीएम मोदी के नेतृत्व में बदला दूरसंचार क्षेत्र

इस बीच केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह पीएम मोदी का दृष्टिकोण है कि प्रौद्योगिकी लोकतांत्रिक और जन-केंद्रित हो और समाज के विकास का मार्ग प्रशस्त किया जा सके। मंत्री ने कहा कि पीएम के इस दृष्टिकोण से दूरसंचार क्षेत्र में काफी बदलाव आए हैं। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह पीएम मोदी का दृष्टिकोण ही है कि पूरे टेलीकॉम सेक्टर को बदल दिया है। टेलीकॉम सेक्टर की तस्वीर पूरी तरह से बदल गई है और यह पीएम मोदी के नौ साल के प्रयासों का नतीजा है।



'जियो ने 5जी सेवाओं का सबसे तेज विस्तार किया'

नई दिल्ली

रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड के चेयरमैन आकाश अंबानी ने कहा कि जियो ने दुनिया की तुलना में सबसे तेजी से 5जी सेवाओं का विस्तार किया है। हर 10 सेकंड में एक 5जी सेल स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि जियो ने अकेले देश में कुल 5जी क्षमता का 85 फीसदी योगदान दिया है।

आकाश अंबानी ने शुक्रवार को इंडिया मोबाइल कांग्रेस के 7वें संस्करण में अपने संबोधन के दौरान यह बात कही। उन्होंने अपने संबोधन में विकसित भारत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण और इस लक्ष्य को हासिल करने में प्रौद्योगिकी की भूमिका की सराहना की। आकाश ने कहा कि हम आपसे वादा करते हैं कि प्रौद्योगिकी की शक्ति के जरिए हम एकता की एक डिजिटल प्रतिमा का निर्माण करेंगे। उन्होंने कहा कि जियो ने भारत के सभी 22 सर्किल में 10 लाख से अधिक 5जी सेल स्थापित किए हैं। आकाश अंबानी ने कहा कि देश की कुल 5जी क्षमता में केवल जियो का 85 फीसदी योगदान है। उन्होंने कहा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि दुनिया में सबसे तेज 5जी इंटरनेट स्पीड प्रदान करने वालों में से एक है। इससे पहले जियो ने दूरदराज के स्थानों पर हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड सेवाएं प्रदान करने वाली भारत की पहली उपग्रह-आधारित गीगा फाइबर सेवा पेश की।

पराली जलाने पर पंजाब-हरियाणा आमने-सामने

पंजाब ने कहा- 53% कम जली पराली, हरियाणा ने नासा की फोटो जारी कर दी

चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने नासा की सैटेलाइट तस्वीरें जारी कर दावा किया है कि पंजाब में हरियाणा से दोगुने से भी ज्यादा पराली जलाने के मामले दिख रहे हैं। तस्वीरें 25 और 26 अक्तूबर को ली गई थीं। सैटेलाइट तस्वीर में हरियाणा में पंजाब से आधे एक्टिव फायर के केस दिख रहे हैं। जबकि पंजाब सरकार की ओर से पराली कम जलाने का दावा किया जा रहा था। हरियाणा का यह दावा तब सामने आया है जब पंजाब ने गुरुवार को दावा किया कि राज्य में 15 सितंबर से 25 अक्तूबर के बीच पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में पराली जलाने की घटनाओं में 53 प्रतिशत की कमी आई है। पंजाब सरकार के मुताबिक पिछले साल जहां 5,798 पराली जलाने की घटनाएं हुईं, वहीं इस साल 2,704 मामले सामने आए हैं। दिल्ली सरकार ने भी दावा किया था कि पंजाब में इस बार पराली की घटनाएं कम हैं।



अप्रैल से अगस्त तक 19 प्रतिशत बढ़ा आम का निर्यात

नई दिल्ली

फलों का राजा कहे जाने वाले आम का निर्यात अप्रैल से अगस्त के दौरान 19 प्रतिशत बढ़ा है। वाणिज्य मंत्रालय ने आज कहा कि आम का निर्यात 19 प्रतिशत बढ़कर 47.98 मिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है। वित्त वर्ष 24 के पहले पांच महीने में भारत ने 27,330.02 टन आम बेचा जो एक साल की पहले की समान अवधि में 22,963.78 टन था।

किस देश में कितना हुआ निर्यात?

वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक सबसे ज्यादा आम का निर्यात अमेरिका को किया गया है।

भाजपा तेलंगाना में पिछड़े वर्ग से किसी को बनाएगी सीएम : शाह

नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज कहा कि तेलंगाना विधानसभा चुनाव में अगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जीत दर्ज करती है तो पार्टी यहां किसी पिछड़े वर्ग के व्यक्ति को राज्य का मुख्यमंत्री बनाएगी। शाह ने शुक्रवार को तेलंगाना के सूर्यापेट में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि वह तेलंगाना की जनता से कहना चाहते हैं कि आप भाजपा को अपना आशीर्वाद दीजिए, भाजपा की सरकार बनाइये, भाजपा का तेलंगाना का मुख्यमंत्री पिछड़े वर्ग से ही होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा तेलंगाना के लोगों के लिए काम करने के लिए वचनबद्ध हैं। कांग्रेस और चंद्रशेखर राव के एजेंडे में तेलंगाना का विकास और यहां के लोगों के हितों की चिंता नहीं है। शाह ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य गरीब कल्याण है और टीआरएस व कांग्रेस का लक्ष्य परिवार कल्याण है। परिवार कल्याण में विश्वास रखने वाली ये पार्टियां तेलंगाना को आगे नहीं बढ़ा सकती, तेलंगाना को सिर्फ मोदी के नेतृत्व में भाजपा ही आगे बढ़ा सकती है। उल्लेखनीय है कि तेलंगाना में 119 विधानसभा सीटें हैं। यहां एक ही फेज में 30 नवंबर को वोटिंग होगी और मतगणना 03 दिसंबर को होगी।

ओमान के विदेश मंत्री- जयशंकर के बीच बातचीत

नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में चल रहे हमास-इस्त्राइल युद्ध को लेकर भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपने ओमानी समकक्ष बद्र अलबुसैदी ने बात की। इसकी जानकारी ओमानी विदेश मंत्री अल्बुसैदी ने सोशल मीडिया साइट पर पोस्ट कर दी। अपने पोस्ट में लिखते हुए उन्होंने कहा, भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर से अच्छी बातचीत हुई। उन्होंने इस दौरान गाजा में तत्काल युद्धविराम की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर जोर दिया। अलबुसैदी ने कहा, अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान करना सभी का दायित्व है।

वहीं विदेश मंत्री जयशंकर ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा, ओमानी विदेश मंत्री बद्र अलबुसैदी से द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा हुई। साथ ही पश्चिम एशिया में संकट पर विचारों का आदान-प्रदान किया।बता दें बड़ी संख्या में अरब देश हमास और इस्त्राइलके बीच युद्धविराम की वकालत कर रहे हैं ।

गैंगस्टर मामले में मुख्तार अंसारी को दस साल की सजा

पांच लाख का जुमार्ना भी लगा

गाजीपुर

गैंगस्टर मामले में आरोपी मुख्तार अंसारी को अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर तीन एमपी/एमएलए कोर्ट अरविंद कुमार मिश्र की अदालत ने सजा सुना दी है। मुख्तार अंसारी को दस साल की सजा और पांच लाख का जुमार्ना लगा है। दूसरे दोषी सोनू यादव को पांच साल की सजा और दो लाख का जुमार्ना लगा है। बता दें कि गुरुवार को गैंगस्टर मामले में आरोपी मुख्तार अंसारी और उसके शागिंद सोनू यादव को दोषी करार दिया गया था। इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मुख्तार बांदा जेल से न्यायालय में पेश हुआ जबकि सोनू यादव न्यायालय में मौजूद था।

क्या है करंडा मामला?

2009 में करंडा थाना क्षेत्र के सबुआ निवासी कपिलदेव सिंह की हत्या और मुहम्मदाबाद के अमीर हसन की हत्या के प्रयास के मामले को आधार बनाकर मुख्तार अंसारी और सोनू यादव के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत करंडा थाना में मुकदमा दर्ज हुआ था। लंबे समय से इस मामले में सुनवाई चल रही थी। सात अक्तूबर को मुख्तार अंसारी का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए और सोनू यादव का बयान दर्ज हुआ था। इसके बाद बहस के लिए 11 अक्तूबर की तिथि तय की गई थी, लेकिन सुनवाई नहीं हो सकी। 17 अक्तूबर को अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक शासकीय अधिवक्ता नीरज श्रीवास्तव, मुख्तार अंसारी एवं सोनू यादव के अधिवक्ताओं ने अपना-अपना तर्क प्रस्तुत किया था।

आरआर स्वैन होंगे जम्मू कश्मीर के अगले डीजीपी

जम्मू

जम्मू कश्मीर के अगले डीजीपी के नाम का खुलासा हो गया है। हालांकि अभी उन्हें अतिरिक्त पदभार ही दिया गया है। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी रश्मी रंजन (आरआर) स्वैन जम्मू-कश्मीर के नए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) होंगे। वह एक नंवबर से इस पद का अतिरिक्त पदभार संभालेंगे। वर्तमान पुलिस प्रमुख दिबाग सिंह 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। वहीं, आरआर स्वैन वर्तमान में जम्मू कश्मीर सीआईडी के विशेष महानिदेशक के रूप में तैनात हैं। वह अपने मौजूदा प्रभार के अलावा प्रभारी पुलिस महानिदेशक के रूप में भी सेवाएं देंगे। इसे लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से निर्देश जारी कर दिया गया है। आरआर स्वैन 1991 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। इससे पहले भी प्रदेश में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

जानकारी के अनुसार, 2001 से 2003 तक वह एसएसपी श्रीनगर के रूप में तैनात रहे। इसके बाद 2003 से 2004 तक उन्होंने एसएसपी जम्मू के रूप में सेवाएं दीं।

राशन वितरण में अनियमितता को लेकर सुवेंदु ने ममता पर कसा तंज

'अब जेल में होगी कैबिनेट की बैठक'

कोलकाता

बंगाल में करोड़ों रुपये के कथित राशन वितरण घोटाले में राज्य के वन मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक की शुक्रवार को गिरफ्तारी के बाद विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने ईडी से इस घोटाले में अब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की भूमिका की जांच का अनुरोध किया है।

ममता पर भ्रष्ट मंत्रियों का बचाव करने का आरोपः सुवेंदु ने अपने एक्स हैंडल पर एक संदेश में दावा किया कि यह एक बड़ा घोटाला है। सुवेंदु ने मुख्यमंत्री पर भ्रष्ट मंत्रियों का बचाव करने का भी आरोप लगाया। पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी के बाद राज्य में दूसरे मंत्री की हुई गिरफ्तारी को लेकर सुवेंदु ने ममता सरकार पर तंज कसते हुए यह भी कहा कि अब राज्य कैबिनेट की बैठक जेल में होगी। उन्होंने लिखा, मैं ईडी से बंगाल में राशन वितरण के इस बड़े घोटाले में ममता बनर्जी की भूमिका की जांच करने का आग्रह करूंगा। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ज्योतिप्रिय मल्लिक को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग का मंत्री नियुक्त किया था और 2011 से 2021 तक उनके मंत्री रहते एक दशक तक विभाग में भारी भ्रष्टाचार हुआ।

सीएम भी हैं घोटाले में शामिलः सुवेंदु ने दावा किया कि केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई से बचाने के लिए 2021 में ममता ने ज्योतिप्रिय को खाद्य की बजाय वन मंत्री बना दिया। भाजपा नेता ने कहा कि ममता चाहती थी कि वह (ज्योतिप्रिय) अवैध रूप से धन जुटाता रहे और आय का हिस्सा इच्छित व्यक्तियों को सौंप दे। इसलिए एक उपाय के रूप में मुख्यमंत्री ने उन्हें पश्चिम बंगाल आवश्यक वस्तु आपूर्ति निगम (डब्ल्यूबीइसीएससी) का अध्यक्ष बना दिया, जिस पर बंगाल में धान और अन्य खाद्यान्नों की खरीद और वितरण का जिम्मा है। उन्होंने दावा किया।

ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में फार्मा कंपनी पर की छापेमारी

नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय ने बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत शुक्रवार को चंडीगढ़ स्थित दवा कंपनी पैराबोलिक ड्रग्स और उसके प्रमोटरों के कई परिसरों पर छापेमारी की।

आधिकारिक सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी है।

2021 में दर्ज हुआ था मामलाः आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी ने दिल्ली, मुंबई, चंडीगढ़ और हरियाणा के पंचकुला और अंबाला में कुल 17 परिसरों की तलाशी की। सूत्रों ने कहा कि यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने तीन दिवसीय राज्यस्तरीय श्री अन्न प्रदर्शनी एवं कार्यशाला का किया शुभारंभ

'वैदिक काल से श्री अन्न का महत्वः सीएम योगी

लखनऊ

श्री अन्न का महत्व वैदिक काल से रहा है। भविष्य में भी जब दुनिया खाद्यान संकट का सामना करेगी तो श्री अन्न की उपयोगिता बढ़ेगी। उत्तर प्रदेश श्री अन्न के उत्पादन का केंद्र बन सकता है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में राज्यस्तरीय श्री अन्न प्रदर्शनी एवं कार्यशाला के शुभारंभ समारोह के दौरान कही। मुख्यमंत्री ने इससे पहले तीन दिवसीय श्री अन्न महोत्सव का शुभारंभ करते हुए प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए श्री अन्न उत्पादकों की ओर से लगाये ये प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना काल ने हमें बड़ा सबक दिया है, हम जितना कृत्रिम जीवन जीने का प्रयास करेंगे महामारियां हमें उतना ही परेशान करेंगी। हमें प्राकृतिक वास और जीवनशैली को अपनाना होगा और उसमें श्री अन्न बहुत ही सहायक होगा। इसकी उत्पादकता बढ़ाने के लिए शोध और अनुसंधान की आवश्यकता है। तीन दिन तक होगा श्री अन्न महोत्सव का आयोजनः

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में शोध एवं अनुसंधान के लिए कार्य कर रही उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद् के 34वां स्थापना दिवस पर अगले तीन दिन तक श्रीअन्न महोत्सव का आयोजन हो रहा है। ये महोत्सव यूपी के किसानों के जीवन में व्यापक परिवर्तन का माध्यम बनेगा।

सीएम योगी ने कहा कि पिछली सदी के छठे और सातवें दशक तक बड़ी मात्रा में मोटे अनाज का उत्पादन होता था। ये हमारे दैनिक जीवन का अंग था। मगर बढ़ती आबादी की आवश्यक्ता और इस दिशा में शोध और अनुसंधान की गति थमने के कारण इसका उत्पादन कम होता गया।

असम में दूसरी शादी करना होगा अब मुश्किल

58 वर्ष पुराना कानून सख्ती से लागू करेगी प्रदेश सरकार

गुवाहटी

असम सरकार एक 58 साल पुराने कानून को एकबार फिर सख्ती से लागू करने जा रही है। जिसके बाद प्रदेश में कोई भी सरकारी कर्मचारी बिना अनुमति के दूसरी शादी नहीं कर सकेगा। दूसरी शादी करने के लिए सरकार की अनुमति जरूरी होगी।

दूसरी शादी पर लगेगी रोकः असम सरकार ने बाल विवाह पर कड़ी कार्रवाई के बाद अब बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने का मन बनाया है। इसके लिए प्रदेश सरकार के कार्मिक विभाग की ओर से जारी एक ज्ञापन में असम सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 26 का हवाला दिया गया है। इस नियम के तहत सरकार की मंजूरी के बिना कोई भी सरकारी कर्मचारी दूसरी शादी नहीं सकता है। यदि कोई व्यक्ति ऐसा करता है तो उसे कदाचार माना जाएगा।

किसी धर्म विशेष को छूट नहींः मामले में प्रदेश के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा के ओर से जारी एक बयान में उन्होंने बताया है कि प्रदेश सरकार कोई नया काम नहीं करने जा रही है। यह सरकार का एक पुराना सर्कुलर है, जिसे अब सख्ती से लागू किया जाएगा।

इस बीच उन्होंने किसी धर्म विशेष का नाम लिए बिना कहा कि अगर कोई धर्म विशेष दूसरी शादी की अनुमति देता है, तो भी सर्कुलर के तहत कर्मचारी प्रदेश सरकार से अनुमति लेने के बाध्य होगा।

दुग्ध डेरी पर हमला तीन के विरुद्ध मुकद्दमा दर्ज, एक गिरफ्तार

कोराव थाना क्षेत्र के ग्राम देवघाट का मामला,एक शिक्षक एक शिक्षक पुत्र भी नामजद

अखंड भारत संदेश

कोरांव। थाना कोराव क्षेत्र के ग्राम देवघाट में स्थित एक लिमिटेड फर्म दुग्ध डेयरी पर गत दिवस कुछ लोगों द्वारा जबरन घुस कर छिनैती मारपीट गाली गलौज करने तथा एक अनुसूचित जाति कर्मचारी को मारपीट कर डराने धमकाने उत्पीड़न करने आदि अपराधिक कृत्य किए जाने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जिसमे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार भी कर लिया है और शेष दो नामजद अभियुक्त फरार हैं,जिन्हे पुलिस तेजी से तलाश में लगी है। बता दें कि उक्त डेयरी फर्म पर रात को अंजाम दी गई घटना में एक शिक्षक तथा एक शिक्षक पुत्र सहित तीन लोगों को नामजद कराया गया है। जिसमे एक अभियुक्त और भी केसों में नामजद है। थाना कोरांव में मुकद्दमा अपराध संख्या 411/2023 धारा 323,504,506,384,427, एससीएसटी ऐक्ट में पुलिस ने फॉर्म के कर्मियों की ओर से दर्ज कराया गया है। जिसे लेकर ब्यवसाइयों में भय एवं रोष व्याप्त है। उक्त फर्म बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा देवघाट में सम्मिलित भवन में स्थापित है। जिससे लोग सहमे हैं।

पीड़ित की नहीं मारपीट करने वालों की ही हो रही सुनवाई

कोरांव। थाना क्षेत्र के करपिया गांव में एक पीड़ित व्यक्ति के द्वारा गांव के ही कुछ सरहंगो पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। लेकिन पुलिस उक्त मारपीट के मामले में कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। जिससे पीड़ित परिवार में आक्रोश व्याप्त है। ज्ञातव्य हो कि गत दिवस नवरात्रि पर्व के अवसर पर प्रसाद वितरण कार्यक्रम में गए अनूप तिवारी को गांव के ही कुछ सरहंगो ने बुरी तरह मारा पीटा और बुरा भला कहा जिसकी तहरीर थाना पुलिस कोरांव में दी गई किंतु पुलिस ने त्वरित कोई भी कार्यवाही नहीं की। आरोप है कि सरहंग पक्ष के लोगों ने समाधान दिवस कोरांव में उल्टा एक फर्जी आरोप मढ़कर पीड़ित अनूप कुमार तिवारी इत्यादि के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करने का प्रयास कर रहा है। किंतु पुलिस उसमें हीलाहवाली कर रही है। पीड़ित का कहना है कि मिशन शक्ति अभियान का दुरुपयोग किया जा रहा है। जिससे अपराधों में वृद्धि के साथ-साथ न्यायोचित कार्यवाही नहीं हो पा रही है। पीड़ित ने बताया कि गत दिसंबर माह 2022 में भी सरहंगों ने एक फर्जी केस दर्ज कराया था।

दो गांव में मारपीट कई घायल आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

मऊआइमा। मऊआइमा के दो अलग अलग गांवों में मामूली बातों को लेकर मार पीट में कई को चोटें आयीं है। पुलिस ने आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम छीतेमऊ निवासनी रंजना पटेल पत्नी महेंद्र कुमार का आरोप है कि उसके विपक्षी उसके खेत में धान रख रहे थे।मना करने पर उसे और परिजनों को मारा पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी गई। रंजना पटेल ने मऊआइमा थाने में श्याम बहादुर,रामबहादुर, धीरेन्द्र कुमार, कंचन, राधेश्याम के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।उधर ग्राम सराय जोधराय निवासी पुष्पेंद्र प्रताप पुत्र राजेश प्रताप का आरोप है कि मामूली बात को लेकर उसे और उसके भाई भूपेंद्र, चचेरे भाई सुमित को मार पीट कर जख्मी कर दिया गया।तथा मोबाइल तोड दी गई। पुष्पेंद्र प्रताप ने मऊआइमा थाने में प्रमोद यादव,सौरभ सिंह,पिंकल यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

सेहुंडा में ग्रामीणों के सहयोग से कराया गया 5 देवी चौरा का जीर्णोद्धार व भंडारा

जसरा। सेहुंडा गांव के ग्रामीणों के सहयोग से प्राचीन 5 देवी माता के स्थलों का जीर्णोद्धार कराया गया, तथा बृहद भंडारे का भी आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने देवी माता का पूजन अर्चन करते हुए महाप्रसाद ग्रहण किया। ग्रामीणों ने बताया कि नारायन सिंह चौहान (ज्वाला सिंह) ने अचानक सभी देवी माता के स्थलों का जीर्णोद्धार कराने की बात सोची थी। फिर क्या था, यह बात एक से दो, दो से चार लोगों तक पहुंचते हुए गांव के सभी सम्मानित लोगों तक पहुंच गई। सभी ने तन, मन और धन से सहयोग करने की बात कही। धीरे धीरे लोगों ने धन,गेहूं,सब्जी, आटा आदि देकर सहयोग की कड़ी को आगे बढ़ाया। ग्रामीणों द्वारा नारायन सिंह द्वारा आरंभ कराए गए कार्य की सराहना करते हुए अपने सहयोग से कार्यक्रम को सुचारू रूप से सम्पन्न कराया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा नेता नीरज केसरवानी, समाजसेवी महेश प्रसाद त्रिपाठी, ग्राम प्रधान रज्जन कोल, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजू कुशवाहा, कलामुद्दीन, दिनेश यादव, छविराज पाल, जीतूलाल बिंद, अमरजीत तिवारी, राधेमोहन पाल,ज्ञानचंद्र चौहान, मनोज श्रीवास्तव, एडवोकेट राजू श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, अखिल त्रिपाठी, शोभित त्रिपाठी,अंजनी आदिवासी, रामायण प्रसाद विश्वकर्मा, छोटकऊ तिवारी, रामनरेश उर्फ गुंडा स्वामी, लालजी आदिवासी, नागेंद्र सिंह, संतोष केसरवानी, जनक लाल यादव सहित समस्त ग्रामीणों का अतुलनीय योगदान रहा।

सिंगरामऊ में रामादल के साथ दशहरा मेला संपन्न

अखंड भारत संदेश

सहसों। आदर्श रामलीला कमेटी सिंगरामऊ की 10 दिवसीय चली सुंदर कलाकारों द्वारा रामलीला मंचन का दर्शकों ने खूब आनंद लिया। लीला के अंतिम दिन भगवान रामचंद्र जी द्वारा आततायी लंका नरेश राजा रावण का वध कर उसका उद्धार किया। तत्पश्चात कमेटी द्वारा विजय दिवस मनाते हुए हर्षोल्लास के साथ दशहरा मेले का आयोजन किया गया। मेले का आकर्षण का केंद्र सुंदर कलाकृतियों से सुसज्जित राम दल रहा। जिसका कमेटी सहित आदि भक्त ग्रामीणों द्वारा जगह-जगह स्वागत करते हुए भगवान राम सीता लक्ष्मण और सेवक हनुमान जी का पूजन एवं आरती उतारी गई। मेले में तरह-तरह की दूरदराज से आई दुकानों एवं झांकियां का नन्हे मुन्ने बच्चे, महिलाएं, युवक, युवतियां, बड़े वृद्ध सहित आदि ग्रामीणों ने मेले का आनंद लिया। मेले में कोई भी अव्यवस्था एवं अप्रिय घटना न घटे जिसके लिए हल्का इंचार्ज राहुल पटेल के नेतृत्व में थरवरी थाने की फोर्स मुस्तैदी के साथ तैनात रही। इस मौके पर रामादल के साथ कमेटी के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष कुमार शुक्ला, प्रबंधक सूरज मिश्रा, निर्देशक/रामलीला मर्मज्ञ लालजी द्विवेदी तथा रामनारायण श्रीवास्तव, पिंटू मिश्रा, दीपक द्विवेदी, राजू पांडे, कमल कुमार मिश्रा, कमलेश मिश्रा सहित आदि लोग मौजूद रहे।

पूजा मिश्रा पूर्व अध्यक्ष छात्र संघ सपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता हुईं नियुक्त

अखंड भारत संदेश

प्रतापपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा हंडिया विधान सभा निवासी पूजा मिश्रा पूर्व अध्यक्ष छात्र संघ सीएमपी डिग्री कॉलेज को समाजवादी पार्टी का राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाया गया है। पूजा मिश्रा 2014 में सीएमपी डिग्री कॉलेज इलाहाबाद विश्वविद्यालय से प्रथम महिला अध्यक्ष चुनी गईं थीं। अपने संघर्ष के दम पर समजावादी पार्टी में महिला सभा का प्रदेश सचिव पद की जिम्मेदारी मिली उसको बड़े जिम्मेदारी के साथ निभाया लागतार संघर्ष करते हुए 2017 में कई विधान सभा के प्रभारी की जिम्मेदारी मिली। छोटे से गांव कौड़ी धनूपुर से निकल कर छात्र राजनीति में हिस्सा लिया 2014 में प्रथम महिला अध्यक्ष चुनी गई। राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद की जिम्मेदारी मिलने पर है पूजा मिश्रा ने कहा कि मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को राष्ट्रीय प्रवक्ता का जो दायित्व दिया गया है इसके लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का हृदय से आभार प्रकट करती हूं एवं पार्टी के सभी कार्यकताओं, नेतागण, सम्मानित जनता का बहुत बहुत धन्यवाद जिन्होंने हर उतार चढ़ाव में मेरा साथ दिया है यह सहयोग व आशीर्वाद सदैव प्राप्त होता रहेगा।हंडिया विधान सभा के लोगो ने बधाई दी जिसमे पंकज पांडेय प्रधान बनकट, रमाकांत विश्वकर्मा बंगाली जिला सचिव समाजवादी पार्टी, रामचंद्र नेता, संदीप यादव, कमलेश पाल ब्लाक अध्यक्ष समाजवादी पार्टी, गोलू पांडेय, छोटू मिश्रा, अमित यादव, मुलायम यादव प्रभारी, सुमित विश्वकर्मा छात्र नेता, मोहमद शाहिद, मो. आरिफ आदि लोगों ने पूजा के उज्जवल भविष्य की कामना किया है।पूजा मिश्रा ने कहा कि समाजवादी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी बनाने का सपना जो मुलायम सिंह यादव ने देखा था, उसके लिए अखिलेश यादव भरपूर प्रयास कर रहें हैं मेरा पूरा प्रयास रहेगा इसमें हम सब मिलकर अहम भूमिका निभाएंगे।

चनेथू भगवानपुर में तीन दिवसीय नाटक का मंचन संपन्न

अखंड भारत संदेश

जंघई। आजाद अभिनय नाट्य कला समिति चनेथू भगवानपुर में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी तीन दिवसीय नाटक का मंचन किया गया जिसमें सैकड़ों लोग प्रतिदिन नाटक मंचन देखकर मंत्रमुग्ध हुए। प्रथम दिवस अशोक सम्राट का हृदय परिवर्तन एवं द्वितीय दिवस जूर्म का दहलीज तथा अंतिम दिन डाकू चंदन सिंह नाटक मंचन किया गया। नाटक मंचन देखकर सैकड़ों लोग भावविभोर हो गये एवं हास्य व्यंग कलाकारों की प्रस्तुति पर दर्शक लोटपोट हो गये। नाटक मंचन के पात्रों एवं सहयोगियों में बब्बू यादव, प्रेम यादव, कमलेश यादव, हवल यादव, विकास यादव, गोपाल यादव, दिव्यम यादव, किशन यादव, भोला, सरोज, शिवराम, इंद्रजीत, विजय शंकर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

परशुराम-लक्ष्मण संवाद सुनकर मंत्र-मुग्ध हुए असवां गांव निवासी

अखंड भारत संदेश

जंघई। आदर्श रामलीला एवं राघव सेवा ट्रस्ट के द्वारा संचालित रामलीला मंचन में दूसरे दिन राजा जनक के दरबार में परशुराम लक्ष्मण संवाद का मंचन किया गया। श्रीराम ने जैसे ही धनुष की प्रत्यंचा चढ़ाने का प्रयत्न किया, धनुष तेज आवाज के साथ टूट गया इसकी गूंज सुनकर भगवान परशुराम वहां पहुंच गए और फिर लक्ष्मण के साथ उनके तीखे संवाद हुए परशुराम-लक्ष्मण संवाद सुनकर दर्शक रोमांचित हो गए। धनुष भंग की रामलीला मंचन में जनकपुर की रंगशाला में सीता स्वयंवर का आयोजन हुआ बड़े बड़े राज्यों से शूरवीर जनकपुर पहुंचे थे। विवाह के लिए खुद को श्रेष्ठ बताते हुए एक-एक कर इन राजाओं ने धनुष तोड़ना तो दूर उसे तिल भर हिला भी नहीं पाए। बेटी के कुंवारे रह जाने के डर से राजा जनक विलाप करने लगे तो दर्शकों की भी आंखें नम हो गईं।गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर श्रीराम ने शिव धनुष को उठाया और प्रत्यंचा चढ़ाई इस पर धनुष टूट गया। भक्तों ने श्रीराम के जयकारे के साथ पुष्प वर्षा शुरू की धनुष टूटने की आवाज सुनकर भगवान परशुराम प्रकट हुए परशुराम-लक्ष्मण संवाद को देखकर असवां गांव के निवासी मंत्र-मुग्ध हो गये।इस अवसर पर अभयराज मिश्रा, सुभाष चंद्र मिश्र, चंद्रमणि तिवारी, ओमप्रकाश मिश्रा, अवधबिहारी मिश्रा, विजय कुमार, प्यारे मोहन मिश्रा, विजयशंकर तिवारी, परशुराम का पाठ सच्चिदानंद मिश्र, लक्ष्मण का पाठ हरिओम पांडेय, रावण का पाठ सत्येंद्र तिवारी, बाणासुर अभिषेक कुमार तिवारी, जनक राजकुमार पांडेय, रामचंद्र प्रवीण कुमार तिवारी, कैकेई सूरज कुमार तिवारी, मुन्ना लाल पांडेय आदि लोग मौजूद रहे।

भाजपा जिला अध्यक्ष कविता पटेल का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

अखंड भारत संदेश

सहसों। थानापुर स्थित दुबे जी भोजनालय में भाजपा गंगापार के जिला अध्यक्ष कविता पटेल जोरदार स्वागत करते जन्मदिन मनाया गया एवं अंग वस्त्रं तथा पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत व सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गंगा पार कविता पटेल ने कहा चुनावी कार्यक्रम को देखते हुए सोरांव में होने वाले मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में सभी कार्यकताओं से अधिक से अधिक पहुंचने की अपील किया। मौके पर मौजूद जिला उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह पटेल, चंद्रेश नारायण द्विवेदी, पिंटू दुबे ने कहा कि ऐसी कर्मठ, जुझारू और कार्य के प्रति गंभीर जिला अध्यक्ष को पाकर कार्यकर्ता उत्साहित और गौरवान्वित हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से संदीप कुमार द्विवेदी, अनूप शुक्ला, मंडल महामंत्री पवन कुमार शुक्ला, मनोज निषाद, प्रभाकर दूबे, शिवनारायण सिंह गप्पू , शशांक शेखर सिंह, अनुराग सिंह, दिनेश प्रसाद शुक्ला, रजत द्विवेदी, सुनील तिवारी, अवधेश त्रिपाठी, अशोक चौधरी, रमेश कुमार पटेल, पंकज ओझा, टी एन सरोज सूरज प्रसाद शुक्ला, सूर्यमणि पांडे, राजेंद्र वर्मा, नरेंद्र कुशवाहा, गुलाब मौर्य सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

घर में अकेले व्यक्ति की मौत, वजह का पता नहीं !

अखंड भारत संदेश

सहसों। सरायइनायत थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी सहसों के पास कसेरूआ कला स्थित गांव में पश्चिम बंगाल के कोलकाता शहर निवासी सुशील कुमार विश्वास (63) पुत्र भाग्य धर विश्वास काफी दिनों से अपना मकान बनवाकर परिवार सहित रहते थे। एक चिकित्सक के रूप में वह सहसों गोल चौराहे पर दवा खाना खोलकर लोगों का इलाज करता थे। उनकी बेटी सोमिता विश्वासश्र जोकि विवाह के बाद वह ससुराल हैदराबाद में है। पत्नी पंद्रह दिन पहले पैतृक घर कोलकाता गई हुई है। इधर घर पर वह अकेले ही थे। रोज की तरह गुरुवार की रात भोजन के बाद घर का दरवाजा बंद कर सो गए। शुक्रवार की सुबह काफी देर तक वह नहीं उठे। सुबह ही दूध देने के लिए आए एक दुकानदार ने काफी देर तक दरवाजा खटखटाया परंतु दरवाजा नहीं खुला। शक होने पर लोगों ने सहसों पुलिस को जानकारी दिया। मौके पर पहुंची सहसों पुलिस के काफी प्रयास के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तो सबके सामने दरवाजा को तोड़ा गया। डॉक्टर बिस्तर पर निद्रा की अवस्था में मृत पड़े हुए थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है।? सहसों प्रभारी पुलिस चौकी इंचार्ज का काम देख रहे सुशील कुमार ने बताया कि मौत संभवत हृदय घात के कारण हुई है। वजह का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा। परिजनों के नहीं रहने पर डाग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम द्वारा जांच कराया गया है। मृतक की बेटी से वार्ता के अनुसार उसके आने पर ही पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

न्यूज झरोखा

प्रदेश स्तरीय एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में अकोढ़ा की छात्रा का हुआ चयन

करछना। श्रीमती इंदिरा गांधी इण्टर कॉलेज पटेलनगर अकोढ़ा की छात्रा मानशी कुशवाहा ने राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ में आयोजित मंडल स्तरीय एथेलेटिक्स प्रतियोगिता के सब जूनियर बालिका वर्ग की ऊंची कूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रदेश स्तरीय एथेलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है,यह प्रतियोगिता एक से चार नवंबर तक गुरू गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज कुर्सी रोड लखनऊ में आयोजित होगी।कक्षा आठ की छात्रा मानशी कुशवाहा को कॉलेज के प्रधानाचार्य अमित पाण्डेय एवं खेल प्रशिक्षक राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने पुरस्कृत किया और आगे की प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं भी दी।

डांडी दशहरे में जुटी भीड़

नैनी। नैनी गरुवार को डांडी बाजार के दशहरे के मौके पर हजारों की संख्या में भीड़ जुटी रही। रामदल का लोगों ने जगह जगह पुष्पवर्षा करके आशीर्वाद लिया। टीसीई गेट के समीप साउंड का कंपटीशन भी आयोजित हुआ। मेले में सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस फोर्स मौजूद रही। रीवां रोड की ओर जाने वाले बड़े वाहनों को एफसीआई की ओर से डायवर्जन किया गया।

टूर में छात्र छात्राओं को बीपी सिंह का किला दिखाया

अखंड भारत संदेश

मांडा। विकासखंड मांडा क्षेत्र अंतर्गत बीआरसी मांडा से सटा हुआ पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य होरी लाल व अनुदेशक नीरज मिश्र ने छात्र-छात्राओं को पूर्व प्रधानमंत्री राजा विश्वनाथ प्रताप सिंह की कोठी किला को घुमाया और उनके किले के बारे में संक्षिप्त रूप से बताया। और बनवाए गए तालाबों पर जाने के लिए गुफा दार रास्ते को दिखाया जिससे रानी उसी गुफा के रास्ते से होकर गुजरती थी। इस कोठी में सात आंगन के साथ कई कुंतल का मन्दिर पर सोने का कलश त्रिशूल शोभाय मान है।वही मांडा राजा की कोठी किला के आस पास से प्रति दिन छात्र छात्राएं आया करते हैं। टूर यात्रा में दो दर्जन से अधिक छात्रों ने भाग लिया यह भ्रमण छात्रों के लिए विद्यालय से कोठी किला की महज दूरी एक किलोमीटर टूर का औपचारिकता बनकर रह गई है।

सड़क हादसे में शटरिंग मिस्त्री की मौत

हनुमानगंज। सराय इनायत थाना क्षेत्र के बनी चौराहे के पास गुरुवार रात एक मजदूर की सडक हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पवन कुमार भारतीया (30) पुत्र शुकुरू लाल निवासी बहादुरपुर गुरुवार रात करीब 10 बजे पैदल घर से निकला था। पुलिस के मुताबिक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया था। घायलावस्था में रात में ही उसे सीएचसी कोटवा-बनी भेजा गया किंतु चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया था। शुक्रवार सुबह परिजनों को जानकारी हुई तो घर में कोहराम मच गया। पवन तीन भाइयों मे सबसे बड़ा था। वहटप शटरिंग का काम करता था।

मांडा क्षेत्र के किसानों के लिए सराहनी कार्य किया धर्म प्रकाश : अंकुश महराज

गिरधरपुर तिराहे पर स्थित ट्रैक्टर शो रूम के प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया

अखंड भारत संदेश

मांडा। महिन्द्रा कम्पनी द्वारा संचालित ट्रेक्स्टार की ट्रैक्टर शो रूम के प्रांगण में उद्घाटन के छठवें दिन शुक्रवार को अंकुश महराज ने पहुंचकर वृक्षारोपण कर कार्य की सराहना किया। गिरधरपुर पेट्रोल पंप के पास धर्म प्रकाश शुक्ल पुत्र पण्डित राम उजागिर शुक्ल द्वारा संचालित ट्रैक्टर शो रूम के प्रांगण में उद्घाटन के छठवें दिन अंकुश महराज जी ने पहुंचकर आम का फलदार वृक्ष लगाकर क्षेत्र का कुशल क्षेम पूछा और किसानों के हित में किए गए कार्य की सराहना किया। और उपस्थित किसानों से कहा कि यह किसानों का सहयोगी संसाधन हैं। मांडा क्षेत्र के लोगों एवं किसानों को ट्रैक्टर शो रूम खोल कर पुनीत कार्य किया है जो किसानों के लिए सहयोगी संसाधन हैं। वहीं अंकुश महराज जी के आने की सूचना मिलते ही श्रद्धालुओं की उनसे मिलने के लिए ताता लगा रहा। मौके पर मांडा थाने के हेड कांस्टेबल हरे राम राय, भूत पूर्व ब्लॉक प्रमुख मांडा मंगल देव द्विवेदी, धनंजय शुल्क,ओपी मिश्रा, अभिषेक मिश्रा, बच्चा लाल मौर्य, रीना देवी आदि उपस्थित रहे।

मुख्य सचिव ने महाकुम्भ-2025 तैयारियों की किए समीक्षा बैठक

मुख्य सचिव ने महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत सभी कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराये जा रहे कार्यों को हर हाल में गुणवत्ता पूर्ण ढंग से सितम्बर-2024 से पहले पूर्ण कराये जाने के दिए निर्देश

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। मुख्य सचिव उ0प्र0 दुर्गा शंकर मिश्र जी ने शुक्रवार को सर्किट हाउस के सभागार में महाकुम्भ-2025 की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्य सचिव महोदन ने महाकुम्भ-2025 की तिथियों, संस्थाओं की संख्या, मेला क्षेत्रफल, सेक्टरों की संख्या, घाटों की लम्बाई, पार्किंग क्षेत्रफल, अनुमानित कल्पवासियों की संख्या एवं आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या के बारे में जानकारी लेते हुए सम्बंधित अधिकारियों को उसी के अनुरूप अपने विभाग से सम्बंधित तैयारियां सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने निविदाओं से सम्बंधित प्रक्रियाओं को जल्द से जल्द पूर्ण कराये जाने के लिए कहा है, जिससे कि कार्य को समय से प्रारम्भ कर समय से पूर्ण कराया जा सके। सभी कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराये जा रहे कार्यों की थर्ड पार्टी से जांच कराने व लगातार कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करते रहने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। मुख्य सचिव ने एन0एच0ए0आई के द्वारा कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जो भी प्रोजेक्ट महाकुम्भ-2025 से सम्बंधित हो, उसे हर हाल में गुणवत्ता पूर्ण ढंग से सितम्बर-2024 से पहले पूर्ण कराये जाने के लिए कहा है। इसके लिए अभी से प्लान बनाकर कार्य किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने अधिकारियों को इस कार्य को मिशन मोड में शीर्ष प्राथमिकता पर कराने तथा लगातार कार्य की मानीटरिंग करने के निर्देश दिए है। बैठक में कुम्भ मेला अधिकारी ने आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, पर्यटन विभाग, नगर विकास विभाग, लोक निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों की जो योजनाएं व परियोजनाएं स्वीकृति हेतु लम्बित है, उसके स्वीकृति के लिए मुख्य सचिव महोदय के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिस पर मुख्य सचिव महोदय ने जल्द से जल्द योजनाओं व परियोजनाओं की स्वीकृति प्रदान किए जाने के लिए कहा है। मुख्य सचिव महोदय ने बैठक में उपस्थित पुलिस विभाग के अधिकारियों से महाकुम्भ मेला में सुरक्षा, टैजफिक व अन्य सम्बंधित कार्यों की तैयारियों के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि आईसीसीसी स्थित कमाण्ड एण्ड कंट्रोल सेंटर को और विस्तारित कर उसे पूरे शहर के साथ ही रेलवे से कनेक्ट किया जाये, जिससे कि मेले में आने वाली भीड़ की हर गतिविधि पर प्रशासन की नजर रहे, कहीं से भी किसी प्रकार की चूक की सम्भावना न रहे। उन्होंने मेला क्षेत्र व नगर क्षेत्र में साफ-सफाई की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर में साफ-सफाई के प्रति लोगो को जागरूक करने के लिए सिटी चैलेंज की शुरूआत करें, जिसके अन्तर्गत मोहल्ले-मोहल्ले में सफाई के लिए 90 दिन का चैलेंज दें, जो मोहल्ला सबसे ज्यादा साफ सुथरा होगा, उनको पुरस्कृत करें। इसी तरह दूसरे फेज में सुंदर सिटी का चैलेंज करें, तीसरे फेज में ग्रीन सिटी का चैलेंज देकर लोगो को इससे जोड़े। मुख्य सचिव ने सभी अधिकारियों से पूरे मनोयोग के साथ महाकुम्भ-2025 की तैयारियों के लिए कार्य करने के लिए कहा है साथ ही जो भी योजनाएं/परियोजनाएं शहर में चलायी जा रही है, उसकी प्लानिंग ऐसी हो, जो भविष्य में प्रयागराज वासियों को लाभान्वित करती रहे। उन्होंने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए ऐसी व्यवस्था करें, जिससे कि उन्हें किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, ए0डी0जी भानु भाष्कर, मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत, पुलिस आयुक्त रमित शर्मा, आई0जी0 चन्द्र प्रकाश, जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अरविंद चौहान, नगर आयुक्त चन्द्र मोहन गर्ग सहित सभी सम्बंधित अधिकारीगण एवं कार्यदायी संस्था के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

निलंबित होगा डीआईओएस आफिस का बाबू

अखंड भारत संदेश

बलिया के संस्कृति विद्यालय में गलत तरीके से बेटे को दिलाई नौकरी

गलत तरीके से करा दिया था वेतन

प्रयागराज। जिला विद्यालय निरीक्षक ऑफिस में तैनात आशुलिपित संजय कुमार को निलंबित किए जाने का निर्देश दिया गया है। दरअसल, बलिया के खेजुरी में संचालित अमर संस्कृत विद्यालय में उसने अपने बेटे कुंवर अभिलाष की नियुक्ति सहायक अध्यापक पद पर करा दिया है। जिसमें उसकी भूमिका संदिग्ध मिली है।प्रबंधक, डीआईओएस व लेखाधिकारी माध्यमिक शिक्षा के साथ दुरभिसंधि कर वेतन भुगतान कराने का भी आरोप है। अपर शिक्षा निदेशक बेसिक संजय यादव ने यह आदेश मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक को दिया है। निलंबित कर अनुशासनात्मक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। एडी ने बताया कि मामले में जांच अधिकारी को आशुलिपित ने सहयोग नहीं किया। जिसके कारण जांच आख्या उपलब्ध नहीं हो सकी है।

झोलाछाप डाक्टर की लापरवाही से युवक की मौत, परिजनों ने थाने में दी तहरीर

अखंड भारत संदेश

मेजा। मेजा क्षेत्र के भटौती कोनिया मोड पर चल रही अवैध रूप से प्रयागराज क्लिीनीक पर इलाज कराने गया पारस के पेट में दर्द होने पर डॉक्टरो के इंजेक्शन लगाने के बाद से पारस की हालात गंभीर रूप मे तब्दील हो गई देखते ही देखते पारस की मृत्यु हो गई। मिली जानकारी के अनुसार पारस पुत्र लालमणि निवासी बालकुंडी सोनभद्र लगभग 3महीने पहले अपने मामा सुमारू के साथ संगम क्रेशर प्लांट भटौती मे काम करने आया था ।पारस के पेट में दर्द होने पर भटौती कोनिया मोड पर प्रयागराज क्लिीनीक पर दवा लेने गया था। डॉक्टर जमाल अहमद ने जैसे ही इंजेक्शन लगाया हालत गंभीर होने लगी कुछ देर बाद ही पारस की मृत्यु हो गई। जैसे ही पारस की मृत्यु की सूचना ग्रामीणों को हुआ हड़कंप मच गया। मृतक के मामा सुमारू ने थाने में प्रयागराज क्लिीनीक संचालक के खिलाफ तहरीर देकर एफआईआर दर्ज करने की मांग।

ससुराल में रह रहे व्यक्ति ने ट्रेन से कटकर दी जान

हनुमानगंज। सरायइनायत थाना क्षेत्र में कतवारूपुर गांव के सामने प्रयागराज से वाराणसी रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बाल कुमार (58) मूलतः मिजार्पुर का निवासी था। पिछले पांच माह से पत्नी उर्मिला के साथ अपने ससुराल देवकली गांव में रह रहा था। शुक्रवार सुबह वह शौच के लिए घर से निकला तो रेलवे ट्रैक पर गुजरती ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। हनुमानगंज चौकी प्रभारी आशुतोष दीक्षित के मुताबिक काफी दिनों से वह बीमार चल रहा था। बीमारी से क्षुब्ध होकर उसने आत्मघाती कदम उठा लिया।

वेतन की मांग को लेकर शुआट्स गेट के सामने चक्काजाम

कई महीनों से सिक्योरिटी गार्डों को नही मिला वेतन हंगामा, मौके पर पुलिस

अखंड भारत संदेश

नैनी। नैनी क्षेत्र के महेवा स्थित शुआट्स में शुक्रवार को कई माह से वेतन न मिलने से नाराज सिक्योरिटी गार्डों ने गेट के सामने चक्काजाम कर हंगामा किया। सुबह आठ बजे से शुरू हिला हंगामा दोपहर तक चलता रहा। सूचना पर नैनी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई, लेकिन हंगामा चलता रहा। वही गार्डों के साथ ही, प्रोफेसर, ड्राइवर, शिक्षक व कर्मचारी भी सड़क पर उतर आए। महेवा स्थित सैम हिग्गिंस बॉटम यूनिवर्सिटी में कार्यरत लगभग 300 कर्मचारी जिनमे सिक्योरिटी, शिक्षक, प्रोफेसर, ड्राइवर एवं कर्मचारियों का पिछले 10 माह से वेतन नही मिला। जिससे नाराज सैकड़ो लोगों ने शुक्रवार की सुबह आठ बजे से मेन गेट को बंदकर चक्काजाम कर दिया। सभी की मांग थी कि शुआट्स का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी आकर उनकी मांगो को माने और उनका वेतन दें। इस दौरान शुआट्स में प्रवेश मारने वाले कुछ प्रोफेसर को भीड़ के धकियाते हुआ बाहर कर दिया।

वकीलों के चुनाव में हंगामा मतपेटी लूटकर भागे

जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में फर्जी मतदान पर बवाल, एक-दूसरे पर कुर्सियां फेंकी

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में फर्जी मतदान को लेकर वकीलों ने बवाल कर दिया। इस दौरान कुछ वकील 2 बैलेट बॉक्स लेकर भाग निकले और उसमें जो मत पत्र डाले गए थे उन्हें वहीं फेंक दिया। वकील एक-दूसरे पर कुर्सियां फेंकने लगे।

122 प्रत्याशी थे चुनाव मैदान में: शुक्रवार को जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव के लिए सुबह 9 बजे से वोटिंग हो रही थी। इस चुनाव में 122 अधिवक्ता प्रत्याशी मैदान में थे। यह चुनाव चुनाव इलाहाबाद हाईकोर्ट की ओर से नियुक्त एडीएम सिटी तथा एल्डर कमेटी के सदस्यों की देखरेख में चल रही थी। अचानक साढ़े चार बजे कुछ वकीलों ने फर्जी मतदान को लेकर बवाल शुरू कर दिया। कुछ वकीलों ने दो मतपेटी लेकर भाग गए।

हार रहे प्रत्याशी व समर्थकों ने किया विवाद : जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष गिरीश तिवारी एडवोकेट ने दैनिक भास्कर को बताया, सुबह 9 बजे से मतदान बहुत ही शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा था। लेकिन करीब 3 बजे के बाद कुछ ऐसे लोग विरोध और विवाद जैसी स्थिति उत्पन्न करने लगे। जो खुद को चुनाव हारे हुए समझ रहे थे। बार-बार मना किया गया लेकिन वकीलों के साथ-साथ प्रत्याशियों के बाहरी समर्थक भी आ गए। एक मतपेटी लेकर भाग गए और सड़क पर फेंक दिए। कुल 12 मतपेटियां थी जिसमें 2 नंबर की मतपेटी लेकर कुछ लोग भाग गए हैं।

बवाल करने वाले वकीलों की सीसीटीवी से की जा रही पहचान : गिरीश तिवारी ने कहा, सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में मतदान चल रहा था। जो लोग भी उपद्रव किए हैं उन्हें चिह्नित करने के लिए सीसीटीवी की फुटेज सुरक्षित रख ली गई है। जिला कोर्ट की ओर से जो सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए हैं। उसके फुटेज के लिए भी न्यायालय से अनुरोध किया जाएगा। सभी फुटेज इलाहाबाद हाईकोर्ट को उपलब्ध कराया जाएगा। इसके बाद अंतिम निर्णय हाईकोर्ट की ओर से ही लिया जाएगा।

कार्यकारिणी और चुनाव अधिकारी के गलत नीतियों के चलते फैली अव्यवस्था : जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में मंत्री पद के प्रत्याशी ऋषि शंकर द्विवेदी ने बताया, हाईकोर्ट के आदेश पर एल्डर कमेटी, कार्यकारिणी और एडीएम सिटी की देखरेख में चुनाव चल रहा था। इस दौरान कार्यकारिणी और चुनाव अधिकारी के गलत नीतियों के कारण सारे चुनाव में अव्यवस्था फैल गई। शाम चार बजे तक मात्र 2200 से 3000 वोट ही पड़ पाए। करीब 6000 वकील लाइन में लगे रहे। इस अव्यवस्था से दुखी होकर वकीलों ने जब विरोध किया तो वहां मतपत्र लूट लिए गए, बैलेट बॉक्स तोड़ दिए गए। अब तक और कोई नई जानकारी नहीं है।

कचहरी की तरफ प्रतिबंधित रहा यातायात : चुनाव के लिए कचहरी की तरफ यातायात प्रतिबंधित रहा। आज सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक जिला कचहरी की ओर से सिर्फ वकीलों और पुलिस व प्रशासन के वाहनों को ही जाने दिया जा रहा था। बाकी अन्य वाहनों को लक्ष्मी चौराहा, जगराम चौराहा व कचहरी टेंपो स्टैंड चौराहे के पास रोका गया। वकीलों अपने वाहन पुलिस कार्यालय के सामने जिला अधिवक्ता संघ की पार्किंग में खड़ी की। अध्यक्ष पद के लिए 12 प्रत्याशी हैं मैदान में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पद के लिए कुल 12 प्रत्याशी मैदान में हैं। कृष्ण बिहारी तिवारी, रंजीत यादव, राकेश कुमार तिवारी, शीतला प्रसाद मिश्र, राजेंद्र प्रसाद मिश्र रज्जू, राकेश कुमार दुबे, सुशील कुमार सिंह, लक्ष्मीकांत मिश्र, कौशलेस सिंह, अरुण पांडेय, कृष्ण चंद्र मिश्र बऊ व रामचंद्र शर्मा अध्यक्ष पद के प्रत्याशी हैं।

हार्डवेयर की दुकान और मकान में सेंधमारी कर लाखों की चोरी, मची रही खलबली

पत्नी के देहांत के बाद भुक्तभोगी परिवार समेत अपने पैतृक घर नैनी गया था

झूंसी। थाना क्षेत्र के बंधवा ताहिरपुर गांव में शातिर चोरों ने हार्डवेयर की दुकान और मकान में सेंधमारी कर लाखों रुपये के सोने-चांदी के गहने और अन्य सामान पार कर दिया। शुक्रवार की सुबह घटना की जानकारी भुक्तभोगी को हुई तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तफ्तीश की। देर शाम तक घटना की रिपोर्ट नहीं दर्ज की गई थी। मूलतः नैनी के रहने वाले किशोरीलाल केसरवानी का एक मकान और उसके आगे के हिस्से में हार्डवेयर की दुकान झूंसी के बंधवा ताहिरपुर में है। आठ अक्टूबर को किशोरीलाल की पत्नी रुक्मिणी का देहांत हो गया था। इस वजह से किशोरीलाल मकान और दुकान पर ताला बंदकर नैनी चले गए। 25 अक्टूबर को उनकी पत्नी को तेरहवीं भी थी। इसी बीच उनकी तबीयत खराब हुई तो नैनी ही रह गए। इसी बीच पड़ोसियों ने शुक्रवार की सुबह उनके मकान व दुकान के पिछले हिस्से में सेंधमारी देखी तो किशोरीलाल को सूचना दी। इस पर किशोरीलाल के अन्य परिजन मौके पर पहुंचे। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और तफ्तीश की। घर के भीतर सारा सामान बिखरा पड़ा था। इससे साफ है कि परिजनों ने पूरे इ?त्मिनान से मकान को खंगाला था। भुक्तभोगी के मुताबिक शातिर चोरों ने लाखों के सोने-चांदी के जेवर के साथ ही नकदी व अन्य सामान पार कर दिया है। देर शाम तक पुलिस को तहरीर नहीं दी गई थी।

बाइक सवार दो युवक खड़ी ट्रेलर में भिड़े, हुई मौत

अखंड भारत संदेश

सहसों। सराय इनायत थाना क्षेत्र के घरहरा चकिया गांव निवासी आनंद कुमार 25 वर्ष पुत्र राधे भारतीय तथा उसके मामा का लड़का साराय इनायत गांव निवासी सावन कुमार 24 वर्ष पुत्र शंकर लाल सेमरी गांव स्थित सीमेंट गोदाम में ढुलाई का कार्य करते थे। गुरुवार की रात वहां से काम करने के पश्चात बाइक से दोनों युवक घर लौट रहे थे। जैसे ही वह थरवई थाना क्षेत्र के भोपतपुर गांव के सामने पहुंचे ही थे कि वहां खड़ी ट्रेलर में पीछे से भिड़ गए। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस व पुलिस को सूचना दी। पहुंची एंबुलेंस से दोनों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलपुर ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। दोनों युवकों की मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव घर लाया गया तो स्वजनों का रोना पीटना देखकर उपस्थित सभी की आंखें नम हो गई। आनंद भारतीय दो भाइयों में दूसरे नंबर का था। उसकी मौत से मां मैना देवी, पत्नी प्रतिभा देवी सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

भरत राम की मिलन लखि, बिसरे सबंहि अपान

नैनी शंकर ढाल पर भरत मिलाओ का कार्यक्रम आधी रात तक चलता रहा

अखंड भारत संदेश

नैनी। नैनी सार्वजनिक रामलीला की भरत मिलाप लीला का मंचन गुरुवार को शंकर ढाल तिराहे पर नवयुवक शंकर ढाल रोशनी कमेटी के तत्वावधान में हुआ। राम की वनवास अवधि में सिर्फ एक दिन शेष बचा है। राम नहीं लौटे हैं भरत चिंतित हैं वह निश्चय करते हैं कि यदि राम वनवास अवधि पूर्ण होने पर अयोध्या नहीं लौटते हैं तो वह अपने प्राण दे देंगे तभी हनुमान आकर भरत को राम के शीघ्र आने की सूचना देते हैं` भरत प्रसन्न होकर हनुमान को अपने गले लगा लेते हैं और कहते हैं कि तुम्हारा ऋण मैं कभी नहीं चुका पाऊंगा` राम, भैया लक्ष्मण, माता सीता और अपने मित्रों संग अयोध्या पहुंचते हैं। भरत राम के चरणों में गिर पड़ते हैं। राम भरत को उठाकर गले लगा लेते हैं। चारों ओर भरत लाल की जय, राजा रामचंद्र की जय के जयकारे गूंजने लगते हैं। पार्षद व अध्यक्ष राकेश जायसवाल, नयन कुशवाहा, विजय केसरवानी, आकांक्षा जायसवाल, जानकी देवी, मनोज केसरवानी, दिलीप केसरवानी ने भगवान राम की आरती की` रामलीला में प्रमुख रूप से धीरेन्द्र यादव, आर के शुक्ला, शिव तिवारी, प्रमोद सिंह, गोलू पटेल, राजा, नीतीश साहू, शालू चड्ढा, नेहा केसरवानी, धर्मराज पटेल, वीरेंद्र शर्मा धनंजय सिंह, सुधीर चड्ढा, सचिंद्र वैश्य, बृजेश सिंह आदि ने सहयोग किया।

नैनी बाजार में रोशनी कंपटीशन का लोगों ने उठाया लुत्फ

अखंड भारत संदेश

नैनी। नैनी दशहरे के दूसरे दिन गुरुवार की रोशनी के मौके पर कई स्थानों पर आकर्षक रंग बिरंगी झालरों का कंपटीशन हुआ। साथ ही शंकरढाल पर साउंड कंपटीशन आयोजित किया गया। नैनी बाजार, शंकरढाल, कॉटनमिल, चक भटाही में लगी रंग बिरंगी झालरें आकर्षण का केंद्र रहा। मेला घूमने आए लोगों ने रोशनी कमेटी को इनाम देकर उन्हें प्रोत्साहित किया। शंकरढाल पर लगे झूले का बच्चो ने खूब आंनद उठाया।

प्रतापगढ़ संदेश

अमृत कलश यात्रा को सदर विधायक व डीएम ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अन्तर्गत हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का जिले में भव्य आयोजन हुआ। शुक्रवार को विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, जिलाधिकारी संजीव रंजन, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा ने तुलसीसदन (हादीहाल) से झण्डी दिखाकर अमृत कलश यात्रा को लखनऊ के लिये रवाना किया।

अमृत कलश यात्रा में नेहरू युवा केन्द्र, युवक मंगल दल के 36 युवा स्वयं सेवकों ने अमृत कलश लेकर जिला युवा कल्याण अधिकारी के0के0 सिंह के नेतृत्व में बस द्वारा प्रस्थान किया। अमृत कलश यात्रा के शुभारम्भ के अवसर पर सांसद संगम लाल गुप्ता के प्रतिनिधि विवेक उपाध्याय, भाजपा जिला महामंत्री राजेश सिंह, अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम के नोडल अधिकारी/जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 आर0सी0 शर्मा, उपायुक्त एनआरएलएम एन0एन0 मिश्रा, डीसी मनरेगा इन्द्रमणि त्रिपाठी, उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव, उप निदेशक नेहरू युवा केन्द्र समर बहादुर सिंह, एन0आईके0 के युवा स्वयं सेवक, भाजपा कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक आदि ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी अजय श्रीवास्तव, ध्रुव जायसवाल, हरीश पाण्डेय, शान्ति प्रकाश शर्मा, अभिषेक रावत, संजय कुमार शुक्ल आदि ने आयोजन में सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार सुनील प्रभाकर ने किया। अमृत कलश यात्रा के सम्बन्ध में जानकारी देते हुये उप निदेशक नेहरू युवा केन्द्र समर बहादुर सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में जिले में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का ग्राम पंचायतों, विकास खण्डों, नगर पंचायतों, नगर पालिका परिषद तथा जिला मुख्यालय तुलसीसदन (हादीहाल) में प्रशासन एवं विकास विभाग के सहयोग से सफल आयोजन सम्पन्न हुआ। जिले के माननीय जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ अधिकारियों का कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग मिला। प्रारम्भ में कार्यक्रम के नोडल अधिकारी/जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद ने सभी का स्वागत किया तथा नेहरू युवा केन्द्र के उप निदेशक समर बहादुर सिंह ने सभी को सहयोग के लिये आभार व्यक्त किया।

जिलाधिकारी ने तहसील सदर में मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार विधानसभा निर्वाचक नामावलियों का संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 नये मतदाताओं का पंजीकरण अधिक से अधिक संख्या में मतदाता सूची में कराने के उद्देश्य तहसील सदर में जिलाधिकारी संजीव रंजन ने मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि जिनकी आयु अर्हता तिथि 01.01.2024 के आधार पर युवा/महिला मतदाता जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी हो या हो रही हो, का नाम यदि निर्वाचक नामावली में सम्मिलित नही है तो विशेष अभियान 04 नवम्बर, 05 नवम्बर, 25 नवम्बर, 26 नवम्बर तथा 02 दिसम्बर और 03 दिसम्बर 2023 के दौरान मतदान केन्द्रों पर बीएलओ उपस्थित रहेगें और फार्म-6 के माध्यम से मतदाताओं का पंजीकरण करेगें। इसके अतिरिक्त आनलाइन फार्म भरने हेतु कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ की वेबसाइट पर सुविधा उपलब्ध है जिसके माध्यम से मतदाता आनलाइन अपना पंजीकरण मतदाता सूची में करा सकते है।

उन्होने कहा कि निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के दौरान अधिक से अधिक युवा एवं महिला मतदाता अपना पंजीकरण करायें और लोकतंत्र के महापर्व में अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभायें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित जनसामान्य, छात्र-छात्राओं, अधिकारियों को मतदाता जागरूकता की शपथ भी दिलायी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, उपजिलाधिकारी सदर सहित विन्ध्याचल सिंह, अखिलेश कुमार, संतोष मिश्रा, धर्मेन्द्र कुमार ओझा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा0 मो0 अनीस ने किया।

जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन देते कांग्रेसी।

मदरसों को नोटिस देने पर कांग्रेसियों ने दिया ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। पीसीसी सदस्य और अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष दानिश माबूद के नेतृत्व में मुजफ्फरनगर जिला प्रशासन द्वारा मदरसों को गैर कानूनी नोटिस भेजने के विरोध में राज्यपाल उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी प्रतापगढ़ के अनुपस्थिति में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी को सौपा गया।

इसके बाद जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता दानिश माबूद ने तथा संचालन मोहम्मद आफाक ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए दानिश माबूद ने कहा कि मुजफ्फरनगर के शिक्षा विभाग द्वारा नियम कानूनो को ताक पर रखकर मदरसों को विधि विरुद्ध नोटिस भेजा गया है कि अगर यह तुरंत बंद नहीं हुए तो प्रतिदिन 10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया जाएगा, जबकि सन 1995 में मदरसों को स्कूलों के नियमों और विनियमों से अलग कर दिया गया था मदरसे आम स्कूलों की तरह नहीं हैं, इनका संचालन अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अंतर्गत होता है। स्कूलों की तरह जुमार्ना प्रक्रिया मदरसों पर लागू नहीं की जा सकती। ज्ञापन देने में मुख्य रूप से शाहिद अली, सुहैल अंसारी, मोहम्मद इश्तियाक संजय, वेदांत तिवारी, फरीद अहमद,अजमत हुसैन, यमुना प्रसाद, इरफान खान, साद सिद्दीकी, डॉ बशीर अहमद, मोहम्मद आरिफ, करुणा शंकर, मो0 गुलाम, मोहम्मद नदीम शादाब राइन आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

प्रशासन की आँखों के सामने खुले गड्ढे में पड़ी हुई विसर्जन मूर्तियां

कालाकांकर गंगा किनारे लावारिस की तरह खुली मे पड़ी मूर्तियां

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। शारदीय नव रात्रि के समापन पर नवाबगंज थाना क्षेत्र के कालाकांकर गंगातट किनारे शासन के निर्देश पर स्थानीय पुलिस प्रशासन ने मूर्तियो के गंगा मे न विसर्जन करने के लिए किनारे गड्ढा खोदवाकर उसमें मूर्तिया विसर्जन कराई प्रशासन द्वारा खोदे गये गड्ढे को खुला छोड़ दिया गया है जिसे बन्द नही किया गया।

गड्ढे मे लावारिश की तरह खुले मे पड़ी हुई मूर्तिया शासन प्रशासन की पोल खोल रही है। खोदे गये गड्ढे को चार दिन बीत गये अभी तक बालू की रेत से बंद नही किया गया गड्ढे मे पड़ी हुई मूर्तियों के प्रयोग मे आने वाले बांस की फंटी को लोग निकाल कर अपने घरो को ले जा रहे जो लोगो को न गवारा लग रहा है। प्रशासन द्वारा खुले पड़े गड्ढे को बन्द न करने से स्थानीय लोगो मे आक्रोश है। स्थानीय लोगो ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से मूर्ति विसर्जन के खुले पड़े हुए गड्ढे को बन्द कराने के लिए इस ओर ध्यान आकृष्ट कराया है।

खुले में फेंकी दिखी विसर्जित मूर्तियां।

पशु तस्कर खोल ले गए भैंस

पट्टी, प्रतापगढ़। दरवाजे के सामने बांधी गई भैंस को पशु तस्कर खोलकर लेकर चले गए काफी देर बाद जब पशु मालिक को इसकी जानकारी हुई तो उसने डायल हंड्रेड पुलिस को फोन करके इस बात की सूचना दिया। तहसील क्षेत्र के जामताली स्थित नदी के किनारे रामदुलार यादव का मकान है बीती रात पशु तस्कर पिकअप डाला ले कर पहुंचे और भैंस खोल ले गए। काफी देर बाद जब राम दुलार की नींद खुली तो उसने देखा की भैंस नहीं थी।

बाल वैज्ञानिकों के चार प्रोजेक्ट राज्य स्तर के लिए चयनित

संस्कार ग्लोबल स्कूल में आयोजित की गई 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस

40 विद्यालयों के 280 बच्चों ने किया प्रतिभाग

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2023-24 जिला स्तरीय प्रतियोगिता शुक्रवार को संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउंगा में आयोजित की गई। जिसमें राज्य स्तर के लिए चार प्रोजेक्ट चयनित किये गए। जिला स्तरीय परियोजना प्रस्तुति में संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउंगा की आयशा वहीद, अंशिका सिंह का कचरा प्रबंधन,इसी विद्यालय की अश्वी पांडेय, मुग्धा शुक्ला का सेनेटरी पैड बनाने का प्रस्तुतिकरण, उच्च प्राथमिक विद्यालय नरहर पट्टी मानधाता की स्तुति, दीपिका गौतम का फूल पत्ती से अगरबत्ती बनाना एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय मरुआन बाबा बेलखरनाथ धाम के छात्र शौर्य पांडेय, नंदगोपाल तिवारी का खरपतवार ममरी से मच्छर नाशक तेल का मॉडल चयनित किया गया।

राज्य स्तर के लिये चयनित बाल वैज्ञानिक।

इसके पूर्व मुख्य अतिथि इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने कार्यशाला के विषय स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पारितंत्र को समझना है पर उद्बोधन दिया। बाल वैज्ञानिकों से पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय योगदान की अपील की। विज्ञान प्रदर्शनी में उच्च प्राथमिक विद्यालय लौव्वार बाबा बेलखरनाथधाम के छात्र आयुष वर्मा,शनि वर्मा का सोलर सिस्टम,संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउंगा की काव्या सिंह टीम का प्रदूषण नियंत्रण का मॉडल एवं इसी विद्यालय की मीनाक्षी मौर्या, प्रियांशी सिंह, मरियम,साक्षी माइटोकांड्रिया का मॉडल पुरस्कृत किया गया। डा. आशुतोष सिंह,अखिलेश प्रताप सिंह, कौशल प्रताप सिंह,विजय विश्वकर्मा,मो.शोएब निर्णायक रहे। कुल 40 विद्यालयों के 280 बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिला समन्वयक श्याम प्रकाश मौर्य ने बाल वैज्ञानिकों के प्रयास की सराहना करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा रखी। जिला अकादमिक समन्वयक राजीव कुमार सिंह ने कहा कि जो आज के प्रतिभागी हैं आने वाले समय के वैज्ञानिक हैं। गोविंद सिंह, अमित सोनी,गुंजन सिन्हा, अखिलेश मिश्र, श्रुतजा सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। संयोजक उप प्रधानाचार्य संध्या शुक्ला ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। अध्यक्षता निदेशक संजय सिंह व संचालन दीपिका मिश्रा ने किया। अखिलेश पांडेय, अस्मिता श्रीवास्तव, अंकिता सिंह, रश्मि, साजिया मुर्तजा, मारुत शर्मा, रेनू सिंह, लक्ष्मी, तनु, दीनानाथ, अजय तिवारी आदि मौजूद रहे।

प्रतापगढ़ जिले का ऐतिहासिक भारत मिलाप सकुशल संपन्न

रात भर आकर्षक चैकियों का आनंद लेते रहे लाखों लोग, भरत मिलाप में राम-भरत के मिलन पर नम हो गयी लोगों की आंखें

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। श्री रामलीला समिति प्रतापगढ़ द्वारा आयोजित ऐतिहासिक भारत मिलाप आज सकुशल संपन्न हुआ। रात्रि नौ बजे गोपाल मंदिर से रामरथ रामलीला समिति के पदाधिकारियों ने आरती कर ऐतिहासिक मेले का शुभारंभ किया। धीरे-धीरे कर तीन दर्जन से ज्यादा चैकिया जब नगर में भ्रमण करने लगी तो तिल रखने की भी जगह नहीं थी। पूरी रात लाखों की संख्या में राम भक्त झांकियों को देखने के लिए सड़कों पर उतर आए थे।

इतनी भीड़ नियंत्रित करने के लिए पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल स्वयं सारी रात भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान व अधिकारीगण लाखों की भीड़ नियंत्रित करने के लिए जी जान से लगे हुए थे। पूरी रात चारों ओर उत्साह का माहौल बना रहा। पूरा शहर दुल्हन की तरह सज संवरकर भगवान श्री राम व भरत के स्वागत को तैयार था। रंग बिरंगी लाइटों के बीच अलग-अलग तरह की झांकियां व चैकियों का प्रदर्शन चल रहा था। सुबह भगवान श्री राम और भरत का मिलन देखने भक्तों का सैलाब चैक घंटा घर पहुंच गया था। सारी रात भक्त चैकियो के प्रदर्शन देखने के बावजूद भक्तों के चेहरे पर थकान नहीं दिख रही थी। सुबह सात बजे भरत मिलाप स्थल पर पहुंचे चारों भाइयों संग माता सीता का आगमन होते ही भक्तों ने जयकारे लगाए। श्री राम ने भरत को गले लगाया यह दृश्य देख सभी भक्तों की आंखें नम हो गई। भारत मिलाप के मुख्य अतिथि जिला अधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल रहे। विशिष्ट अतिथि प्रज्ञा सिंह थे। श्री राम भरत मिलन के पश्चात लक्ष्मण ने शत्रुघ्न को गले लगाया। भरत मिलाप संपन्न होने पर मुख्य अतिथि जिला अधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल व सीडीओ नवनीत सेहरा और विशिष्ट अतिथि प्रज्ञा सिंह, विधायक सदर राजेंद्र मौर्य, नगर पालिका अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह, उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र केसरवानी, भाजपा महिला मोर्चा की नेत्री सारिका श्रीवास्तव, संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य, रवि अग्रवाल, श्याम शंकर सिंह, अध्यक्ष संजय खंडेलवाल, संयोजक दिनेश सिंह दिन्नू, मंत्री विपिन गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता, धर्मेंद्र चैरसिया, राजू शर्मा, छेदीलाल, प्रदीप कुमार आदि पदाधिकारीयो ने आरती उतारी। प्रतापगढ़ का ऐतिहासिक रामलीला, दशहरा, भरत मिलाप सकुशल संपन्न होने पर रामलीला समिति के संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य, अध्यक्ष संजय खंडेलवाल ने जिला अधिकारी, पुलिस अधीक्षक व सीडीओ का अंगवस्त्र, साफा व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में एएसपी विद्यासागर मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सत्येंद्र सिंह, एलायू इंस्पेक्टर संतोष सिंह, एसडीएम सदर उदय भान सिंह, सीओ सिटी करिश्मा गुप्ता, सीओ रानीगंज सहानी, सीओ सदर अमरनाथ गुप्ता, चैकी प्रभारी मकंदूगंज विनय सिंह, एक्शीयन विद्युत, एसडीओ, नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष सिंह, आरई नगर पालिका लाल बहादुर सिंह व विधायक सदर राजेंद्र मौर्य, नगर पालिका अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश त्रिपाठी, सांसद प्रतिनिधि विवेक उपाध्याय, सौरभ पांडे आदि को श्री रामलीला समिति के पदाधिकारीयो ने सम्मानित किया। संचालन संयोजक दिनेश सिंह दिन्नू ने किया।

डीएम व एसपी को सम्मानित करते आयोजकगण।

झांकियों पर मंचन करते कलाकार।

प्रो अरविंद मिश्र बने विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता

अखंड भारत संदेश

प्रो. अरविन्द मिश्र।

प्रतापगढ़। एमडीपीजी कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रोफेसर अरविंद मिश्र को प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय का अधिष्ठाता (डीन) नियुक्त किया गया है। वे इस पद पर तीन वर्षों तक कार्यरत रहेंगे। एमडीपीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र, पूर्व अधिष्ठाता प्रो अरुण कुमार श्रीवास्तव, जन सूचना अधिकारी डॉ. सीएन पांडे, प्रो. किरण मिश्रा, प्रो अरुण कुमार तिवारी आदि ने उनकी इस नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

प्रधानाध्यापक को आरोपियों ने पीट कर दिया जख्मी

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। विद्यालय से घर लौट रहे प्रधानाध्यापक को दबंगों ने रोक कर मारपीट किया। पीड़ित ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है। क्षेत्र के सलाहपुर गांव का रहने वाले नरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि वह मोलनापुर गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक हैं। बीते 25 अक्टूबर को विद्यालय से घर वापस लौट रहे थे सलाहपुर गांव के पास ही तीन लोग रास्ता रोक लिया और जमकर मारा पीटा। पीड़ित ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में नामजद तहरीर देकर आरोपियों को विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

बुलेट की टक्कर से युवती की मौत, कोहराम

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। नगर पंचायत कोहड़ौर निवासी इंद्र कुमार जायसवाल की बेटी ज्योति जायसवाल (21) वर्ष प्रतापगढ़ से टेम्पू से घर के सामने पटरी पर उतरी थी। उसके बाद डिवाडर पार कर घर की ओर जाने लगी। जैसे ही दूसरी तरफ सड़क पर गई ही थी कि सुल्तानपुर की तरफ से तेज रफ्तार बुलट मोटर साइकिल सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे ज्योति के सिर में पीछे की तरफ गंभीर चोट आई। बाजार में मौजूद बहुत से लोगों ने बुलट और बुलेट मोटर सायकिल सवार को पकड़ कर घटना को देखते ही मौके पर पहुंची पुलिस के हवाले कर दिया। घटना स्थल से थाना मात्र 100 मीटर दूर स्थित है। इधर ज्योति को परिजन सी एचसी कोहड़ौर लेकर भागे। डाक्टर प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय तथा वहां डॉक्टरों ने चोट की गंभीरता को देखते हुए स्वरूप रानी चिकित्सालय प्रयागराज रिफर कर दिया।पुलिस ने बताया कि बुलेट सवार चोटहिल हुआ है। जिसका इलाज कराया जा रहा है।बुलेट सवार सचिन कुमार सुत स्व. राम लाल सुल्तानपुर के बहलोल पुर निवासी ,प्रयागराज में लोको पायलट है। ज्योति को उपचार के लिए प्रयागराज ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।अभी नवरात्र में सगाई हुई थी।

हादसे में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत पर मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। लालगंज कस्बे के दूरसंचार कालोनी निवासी बासठ वर्षीय श्यामबाबू पाण्डेय बीती तेरह अक्टूबर को साइकिल से लालगंज रायबरेली मार्ग पर बाइक की चपेट में आने से घायल हो गये थे। गुरूवार को इलाज के दौरान प्रयागराज के एक अस्पताल में उनका निधन हो गया। देर रात शव घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। शुक्रवार को सुबह परिजन शव को अंतिम संस्कार के लिए लेकर रवाना हो गये।

लखनऊ से पहुंची सड़क की गुणवत्ता की जांच करने टीम

प्रतापगढ़। लखनऊ से गुरुवार को टीम रखहा-कोहंडौर नगर पंचायत तक 15 किलोमीटर सड़क की अनियमितता की जांच करने पहुंची। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित हो रही सड़क की शिकायत स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर की थी। लखनऊ के स्टेट क्वालिटी मॉनिटर सुनील कुमार ने सड़क की गुणवत्ता की जांच करते हुए अवर अभियंता और ठेकेदार को जमकर फटकार लगाई है। टीम ने सड़क निर्माण में प्रयुक्त हो रही मिट्टी का सैंपल अपने साथ ले गई।इस मौके पर एई मुख्तार अहमद और लालचंद्र पांडेय मौजूद रहे।

विज्ञान हमारे लिए एक उपहार है: कुलश्रेष्ठ

51वीं बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का हुआ उद्घाटन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। आज का विज्ञान कल की तकनीकी है, कुछ इसी भावना के साथ सरदार सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक के संरक्षण में गरिमा श्रीवास्तव प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की अध्यक्षता में गीता उप प्रधानाचार्य के आयोजन में एवं नोडल अधिकारी डॉ मोहम्मद अनीस के संयोजन एवं संचालन में 51वीं राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2023 का दो दिवसीय भव्य उद्घाटन हुआ।

प्रदर्शनी का मुख्य विषय समाज के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, उप विषय में स्वास्थ्य, कृषि, जीवन, संचार एवं परिवहन तथा कम्प्यूटेशनल सोच आदि रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलश्रेष्ठ तिवारी प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज एवं प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ रहे। विशिष्ट अतिथि रुप में डॉ विंध्याचल सिंह राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बडौदा प्रतापगढ़ रहे। मुख्य अतिथि ने प्रदर्शनी में आए हुए बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि विज्ञान हमारे लिए एक उपहार है। इसे हम विकृत ना करें। सम्मानित निर्णायक मंडल के रूप में संतोष मिश्रा, शिखा त्रिपाठी, एवं परवेज अहमद रहे। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के छात्र एवं छात्रा एवं अध्यापक उपस्थित रहे। नोडल अधिकारी डॉक्टर मोहम्मद अनीश ने बताया कि जनपद स्तर से चयनित सीनियर और जूनियर वर्ग में सभी उप विषयों में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त स्थिर एवं क्रियाकारी मॉडल मंडल स्तर की विज्ञान प्रदर्शनी में 16 17 एवं 18 नवंबर को प्रयागराज में अपने गाइड शिक्षकों के साथ प्रतिभा करेंगे। साथी साथ मंडल स्तर पर राज्य के लिए चयनित प्रतिभागी दिसंबर 2023 के दूसरे सप्ताह में राज्य स्तर की विज्ञान प्रदर्शनी में मुरादाबाद के पार्कर इंटर कॉलेज मुरादाबाद में प्रतिभा करेंगे। इस मौके पर अनिल कुमार नीले, अमित श्रीवास्तव ,राजेश, यादव मीरा, पूजा, अर्चना भारद्वाज, डॉ कल्पना, शिखा श्रीवास्तव, मधु रावत, श्रुति श्रीवास्तव, मंजू कुशवाहा, सीमा तबस्सुम, कीर्ति लता जायसवाल, दीप्ति पांडे, आराधना सरोज, आदि उपस्थित रहे।

प्रदर्शनी का अवलोकन करते अतिथिगण।

नगर पालिका अध्यक्ष वीरेंद्र फौजी के विरुद्ध जालसाजी का मुकदमा दर्ज

दूसरे गांव के रहने वाले वीरेंद्र फौजी पर फर्जी तरीके से निवास प्रमाण पत्र बनवाकर चुनाव जीतने का लगा आरोप

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अध्यक्ष के खिलाफ जालसाजी का मुकदमा मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने दर्ज लर लिया है कूट-रचित दस्तावेज के जरिये अध्यक्ष पद हथियाने का आरोप लगा है सीजेएम कोर्ट को मंझनपुर पुलिस ने एफआईआर दर्ज होने की रिपोर्ट भेजी है। भाजपा के नगर पालिका अध्यक्ष मंझनपुर के खिलाफ थाना पुलिस ने जालसाजी का मुकदमा शुक्रवार को दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले की आख्या रिपोर्ट सीजेएम कोर्ट को पेश कर जानकारी दी है। अध्यक्ष मंझनपुर पर कूट रचित दस्तावेज के जरिये पद को हासिल करने का आरोप लगा है। अधिवक्ता के मुताबिक उनके क्लाइंट ने अध्यक्ष के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर इंसाफ की मांग की थी, लेकिन अफसरो द्वारा कोई कार्यवाही न करने पर उनको अदालत की शरण लेनी पड़ी है। जिसमे कोर्ट ने थाना मंझनपुर पुलिस को गंभीर धाराओ मे केस दर्ज कर विवेचना का आदेश जारी किया था। नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार (फौजी) की मुस्किले कम होने का नाम नहीं ले रही है। शुक्रवार को थाना मंझनपुर पुलिस ने उनके खिलाफ क्रम नंबर 417 सन 23 मे धारा 465 के तहत मुकद्दमा दर्जकर आख्या रिपोर्ट कोर्ट मे पेश की है। रिपोर्ट मे मामले की विवेचना शुरू कराये जाने की बात कह गई है। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पर कूट रचित दस्तावेज के जरिये लोक सेवक का पद भाजपा के टिकट पर हथियाने का आरोप लगा है। बताया जा रहा है कि अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार (फौजी) मूल रूप से बहादुर गाव के रहने वाले है। जो निकाय चुनाव क्षेत्र के बाहर का गाव है। निकाय चुनाव मे भाजपा से टिकट मिलने के बाद उन्होने निकाय क्षेत्र के कस्बा ओसा का एक निवास प्रमाण पत्र जारी करा लिया। जिसके आधार पर वीरेंद्र कुमार ने निकाय चुनाव मे निर्वाचन दाखिल कर न सिर्फ चुनाव लड़ा बल्कि जीत हासिल कर नपा अध्यक्ष का पद हासिल कर लिया। अधिवक्ता ने बताया कि वादी पवन कुमार ने उसके जरिये अदालत मे भाजपा नगर पालिका अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार के फजीर्वाडे को सामने लाकर कानूनी कार्यवाही की मांग की थी। जिस पर कोर्ट मे थाना मंझनपुर पुलिस को एफआईआर दर्ज कर जांच करने के आदेश दिये थे। थाना पुलिस ने शुक्रवार को कोर्ट मे आख्या रिपोर्ट देकर क्राइम नंबर 417 सन 23 मे धारा 465 मे केस दर्ज कर जांच किए जाने की बात कही है।

झूठा आरोप लगाकर वापस कराया था निर्वाचन याचिका

कौशाम्बी। नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार (फौजी) के अध्यक्ष निर्वाचित व शपथ ग्रहण करने के बाद से उनकी मुस्किल बढ़ी हुई है। इसके पहले अगस्त माह मे अध्यक्ष के खिलाफ मुख्य प्रतिद्वंदी बीएसपी के दशरथ लाल ने निर्वाचन चुनौती याचिका दाखिल कर अदालत से निर्वाचन रद्द किए जाने की मांग उठाई थी। खास बात यह रही कि राजनैतिक उठापटक एवं वादी मुकद्दमा रहे दशरथ लाल के बेटे पर गैंग रेप जैसे झूठे मामले का आरोप लगने के बाद उन्होने दबाव मे निर्वाचन चुनौती याचिका वापस ली थी।

ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश

कौशांबी। मंझनपुर ब्लॉक के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लाल दिवाकर के विरुद्ध अदालत ने मुकदमा दर्ज करने का निर्देश करारी पुलिस को दिया है मामले में महिला ने ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि पर आरोप लगाया है कि उन्होंने महिला के बेटे को विद्युत करंट लगाकर मौत के घाट उतार दिया है जबकि इसी मामले में महिला ने पहले जनरेटर के करंट से बेटे की मौत की बात की जानकारी पुलिस थाना को दी थी घटना एक वर्ष पुरानी है।

न्यूज झरोखा

जिला स्तरीय युवा उत्सव 2023- 24 का आयोजन

कौशाम्बी। महामाया राजकीय महाविद्यालय कौशाम्बी में जिला स्तरीय युवा उत्सव 2023- 24 का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय युवा उत्सव का उदघाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 अरविंद कुमार ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवम दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। युवा उत्सव में एक गायन सुगम एवम शास्त्रीय लोक गायन एकल नृत्य सुगम एवम शास्त्रीय समूह नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 अरविंद कुमार ने युवा प्रतिभागियों को शुभा आशीष देते हुए कहा कि युवा छात्र छात्राए सांस्कृतिक आयामों को विकसित कर सके और जिले का नाम रोशन कर सके। इस जिला स्तरीय युवा उत्सव में महामाया राजकीय महाविद्यालय कौशाम्बी,भवन्स मेहता महाविद्यालय भरवारी एवम रिजवी कालेज करारी ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों की विजयी सूची में समूह गायन में प्रथम स्थान माही ग्रुप को द्वितीय जौकिया को और एकल गायन शास्त्री में प्रथम स्थान अभिषेक सरोज को द्वितीय स्थान गुलाम को तृतीय स्थान गुंजन को मिला एकल नृत्य में प्रथम स्थान प्रतिभा को द्वितीय स्थान अनु चौरसिया को तृतीय स्थान रवि कुमार को मिला सुगम गायन एकल सुगम में प्रथम स्थान शोभपाल को द्वितीय स्थान रेशमी को तृतीय स्थान समृधि कुशवाहा को और समूह नृत्य में मीनाक्षी ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राध्यापकों में डॉ0 अनिल कुमार, डॉ0 रीता दयाल, डॉ0 पवन कुमार, डॉ0 तरीत अग्रवाल, डॉ0 रमेश चन्द्र डॉ0 अमित कुमार शुक्ल डॉ0 सन्तोष कुमार एवम डॉ0 शैलेश मालवीय डॉ0सी0पी0 श्रीवास्तव भवन्स महाविद्यालय भरवारी एवम डॉ0 उल्लास नकवी रिजवी कालेज करारी निर्णायक मंडल में रहे। कार्यक्रम का संचालन युवा उत्सव प्रभारी डॉ0 अजय कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 रीता दयाल सदस्य युवा उत्सव के द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कमचार्री एवम छात्र उपस्थित रहे।

विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर डीआईओएस ने किया सम्मानित

मण्डलीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में कौशाम्बी के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जनपद का नाम गौरवान्वित किया

कौशाम्बी। जनपद प्रतापगढ़ में सम्पन्न हुयीं मण्डलीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जनपद कौशाम्बी के खिलाड़ियों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जनपद का नाम गौरवान्वित किया,विजेता खिलाडियों में सचिन कुमार ने चक्का फेंक में प्रथम योगेश कुमार ने सौ मीटर दौड़ रीले द्वितीय में प्रथन अर्पित कुमार ने गोला फेंक में प्रथम सुखेन्द्र प्रथम पांच हजार मीटर पैदल चाल में रचना देवी प्रथम चार सौ मीटर,छः सौ मीटर दौड़ रीले प्रथम में कोमल प्रथम तीन सौ मीटर दौड़ पैदल चाल 3 हजार मीटर प्रथम में कौशिल्या देवी प्रथम चार सौ मीटर दौड़ में छाया पाल प्रथम बाघा दौड़ में रमा निवास आठ सौ मीटर प्रथम,पन्द्रह सौ मीटर में प्रथम,तीन हजार मीटर में प्रथम,4.100 रीले प्रथम में लवलेश कुमार चार सौ मीटर ,दो सौ मीटर में छोटकू सेन चार सौ मीटर में प्रथम,आठ सौ मीटर में द्वितीय वा नन्द किशोर प्रथम दो सौ मीटर,त्रिकूद,रीले में हिमांशू प्रथम पैदल चाल मेंमान सिंह द्वितीय आठ सौ मीटर पन्द्रह सौ मीटर,तीन हजार मीटर में सतेन्द्र द्वितीय छः सौ मीटर मे तमन्ना द्वितीय आठ सौ,पन्द्रह सौ,तीन हजार में मधु देवी द्वितीय गोला में मनाली द्वितीय वाक रेस में संध्या तिवारी द्वितीय हैमर के रजनीश द्वितीय ऊँची कूद में सिद्धार्थ सिंह रीले रेस में प्रथम ,दो सौ मीटर में तृतीय में आजाद तृतीय पोल वाल्ट में मंदीप तृतीय हैमर में सपना रीले रेस में प्रथम,बाधा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया इसी तरह छाया देवी तीन हजार मीटर वाक रेस में द्वितीय वा रामपति बाधा दौड़ में द्वितीय,रीले दौड़ में प्रथम प्राप्त किया रिंकी देवी ऊँची कूद में द्वितीय और खुशबू रीले दौड़ में प्रथम वा गुनगुन देवी को ऊँची कूद में तृतीय स्थान मिला अंशू देवी रीले रेस में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजेता समस्त खिलाड़ियों को जिला विद्यालय निरीक्षक कौशाम्बी डॉ. सचिदानंद यादव द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यलय में बुलाकर मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मण्डल स्तरीय प्रतियोगिता में कौशाम्बी जनपद को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम के अवसर पर श्याम लाल क्रीडा सचिव चन्द्र भूषण पाण्डेय पूर्व क्रीडा सचिव चुन्नी लाल,डॉ.रामकिरण त्रिपाठी प्रधानाचार्य,दिनेश कुमार आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

आर्थिक दिक्कत और बीमारी के चलते महिला ने फांसी लगाकर दी जान

कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र में आर्थिक दिक्कत और बीमारी के चलते महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है महिला की मौत से परिजनो में कोहराम मचा हुआ है,महिला के तीन मासूम बच्चे है,जिनकी परवरिश के लिए भी अब समस्या आ गई है। कोखराज थाना क्षेत्र के ककोढा गांव निवासी सरोजा देवी पत्नी देशराज पाल का परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है,बताते है कि सरोजा देवी कई महीनो से बीमार रहती थी जिससे परेशान होकर उसने अपने घर के अंदर कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है मृतका के तीन बच्चे है जिसमे से एक बच्चा तो मात्र कुछ महीने का ही है महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।मासूम बच्चो के सिर से मां का साया उठ गया है ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी हुई है।

मत्स्य व्यवसाय से जुड़े व्यक्ति क्षति का लाभ प्राप्त करने के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

कौशाम्बी। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य ने सूचित किया है कि मत्स्य पालक कल्याण कोष के अन्तर्गत जनपद के मत्स्य पालकों/मछुआरों मत्स्य व्यवसाय से जुड़े व्यक्तियों/समितियों एवं उनके परिवार के सदस्यों को दैवीय आपदाओं से हुई क्षति एवं गम्भीर बीमारियों के लिए चिकित्सा सहायता प्रदान किया जाना है। उन्होंने बताया कि सहायता प्राप्त करने के लिए विभागीय वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन किया जा सकता है। विस्तृत जानकारी कार्यालय, सहायक निदेशक मत्स्य, विकास भवन, मंझनपुर से प्राप्त की जा सकतीं है।

पहले आवक पहले पावक के आधार पर मिलेगा आलू बीज

कौशाम्बी। जिला उद्यान अधिकारी ने जनपद के कृषकों/आलू उत्पादकों को सूचित किया है कि निदेशालय द्वारा उपलब्ध कराया गया आलू बीज यथाः- कु0 बहार, कु0 ख्याति, कु0 पुखराज एवं कु0 आनन्द का वितरण कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी से पहले आवक पहले पावक के आधार पर आलू वितरण पंजिका में दर्ज कराकर नकद मूल्य पर प्राप्त किया जा सकता हैं। उन्होंने कृषकों से अपील किया है कि वह अपना आधार कार्ड एवं 6 माह के अन्दर की खतौनी की फोटो प्रति के साथ आयें। उन्होंने यह भी बताया कि इसके अतिरिक्त मेथी, धनिया, एवं मूली का उच्च गुणवत्तायुक्त बीज भी विभाग में उपलब्ध है इच्छुक कृषक नकद मूल्य जमा करके बीज प्राप्त कर सकतें है।

शादी अनुदान के लिए ऑनलाइन आवेदन आमन्त्रित

कौशाम्बी। अन्य पिछड़े वर्ग अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी अनुदान योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले पात्र लाभार्थियों के लिए नई प्रक्रिया में आधार प्रमाणीकरण ई0के0वाई0सी0 लागू की गयी है। यह जानकारी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अश्विनी कुमार ने देते हुए बताया कि पात्र लाभार्थी योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकतें है।

12 दिन बाद भी दो सगे भाइयों के घर में लाखों की चोरी का नही हुआ खुलासा

कहीं ऐसा तो नहीं चोरी के मामले को पचाने में लग गई स्थानीय थाना पुलिस!

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के मालक पिंजरी गांव में 15 अक्टूबर को दो सगे भाइयों के घर में लाखों की चोरी हो गई थी। 12 दिन बाद भी लाखों की चोरी में पुलिस रत्ती भर आगे नहीं बढ़ सकी है। इस घटना के खुलासे में झोल ही झोल दिखाई पड़ रहा है। चोरी का खुलासा ना होने पर स्थानीय थाना पुलिस सवालों के कटघरे में खड़ी नजर आ रही है। लोगों की माने तो थाना पुलिस चोरी के मामले को पूरी तरह से पचाने में लग गई है। पुलिस के रवैए से चोरों को राहत मिल रही है वहीं दूसरी तरफ पीड़ित को न्याय मिलता दिखाई नहीं पड़ रहा है। इस मामले में दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था तमाम अहम सुराग लगे थे उनके वीडियो भी वायरल हुए लेकिन घटना का खुलासा पुलिस अभी तक नहीं कर सकी। जानकारी के मुताबिक कमल सिंह और नरेंद्र सिंह निवासी मालक पिंजरी के चकिया गांव शमशाबाद चौकी मंझनपुर के घर मे 15 अक्टूबर की रात को 25 लाख की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। कमल सिंह गांव के बाहर घर बना कर रहने लगे लेकिन अपने पैतृक घर में उन्होंने अपने सोने चांदी के जेवर और रुपए रख दिए थे बगल में उनके भाई नरेंद्र सिंह का घर है नरेंद्र सिंह के घर घुसे चोरों ने पहले उनके घर को निशाना बनाया फिर कमल सिंह के घर को निशाना बनाया नरेंद्र सिंह ने वीडियो वायरल कर घटना का खुलासा किया है। उसी रात संतलाल पासी के यहां भी चोरी हुई है चोरी की घटना में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने जब कड़ाई से पूछताछ की तो उन्होंने चोरी की घटना स्वीकार किया भूसा से चोरी का माल बरामद भी किया गया। आरोपियों ने घटना के मुख्य सूत्रधार का नाम भी बताया लेकिन मुख्य सूत्रधार को पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया है और पकड़े गए लोगों को छोड़ दिया गया है। पुलिस ने मामले का खुलासा नहीं किया है चर्चाओ पर जाए तो चोर को बचाव करने के नाम पर सेटिंग हो गई है। लोगों की माने तो एक चर्चित दाढ़ी वाले बाबा जी इस पूरी घटना में शामिल आरोपियों को बचाने के लिए लगातार दबाव बना रहे हैं जिससे 12 दिन बाद भी घटना का पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया है और पकड़े गए लोगों को छोड़ दिया है। आला अधिकारी मामले को संज्ञान लेंगे तो दो भाई के घर में चोरी कराने वाला जहां जेल जाएगा वही चौकी इंचार्ज पर की लापरवाही भी उजागर होगी।

महिला मिशन शक्ति शक्ति दीदी अभियान के तहत महिलाओं बालिकाओं को किया जागरूक

कोखराज कौशाम्बी। महिला मिशन शक्ति शक्ति दीदी अभियान पेज -04 के तहत 27 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना कोखराज से एंटी रोमियो प्रभारी उप निरीक्षक अमीन महिला हेड कांस्टेबल पूनम ने महिलाओं बालिकाओं के बीच जाकर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओ की जानकारी देकर उन्हें जागरूक करने का प्रयास किया है इस दौरान महिलाओं बालिकाओं से पुलिस ने कहा कि किसी प्रकार की अपराधिक समस्या आने पर वह मामले की जानकारी पुलिस को दे पुलिस उनकी सहायता के लिए हमेशा खड़ी है। महिलाओं बालिकाओं को मिशन शक्ति नारी शक्ति नारी सम्मान अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपात कालीन सेवा 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन 102 स्वास्थ्य सेवा 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930,साइबर अपराध हेल्प लाइन 181 महिला हेल्पलाइन और महिला हेल्प डेस्क एंटीरोमियो टीम के कार्य तथा थाना के सीयूजी नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर एंटी रोमियो पुलिस द्वारा जागरूक किया।

बड़े हादसे के इंतजार में जिम्मेदार अधिकारी

मनौरी ओवर ब्रिज पर बड़े बड़े गड्ढे से किसी की भी जा सकती है जान

अखंड भारत संदेश

मनौरी। कौशांबी जनपद के मनौरी बाजार में बने ओवरब्रिज में बहुत बड़े बड़े गड्ढे हो गए ,इस ब्रिज में दिन भर छोटी बड़ी गाड़ियों का आवागमन रहता है और इस गड्ढे की वजह से प्रतिदिन कोई न कोई गिरकर चोटहिल होता रहता है, इस गड्ढे को दो तीन बार लीपापोती कराकर जिम्मेदार अपना पल्ला झाड़कर चल देते है और सप्ताह भर बाद फिर वही गड्ढे उजागर हो जाते है , राहगीरों ने जिलाधिकारी का इस और ध्यान आकृष्ट कराया की मनौरी ओवरब्रिज के गड्ढे को सही कराए लोगो ने बताया कि रात में अक्सर लोग इस गड्ढे की वजह से चोटहिल होते है।

विवाहिता को जलाने का प्रयास करने वालों की महीनो बाद नहीं हुई गिरफ्तारी

अखंड भारत संदेश

बिरादरी रिश्तेदारों के बीच पंचायत भी हुई लेकिन ससुराल के लोग मानने को तैयार नही हुए

कौशांबी। कोखराज थाना क्षेत्र के टेढ़ीमोड़ की एक विवाहिता की शादी संदीपन घाट थाना क्षेत्र के काजीपुर गांव में लगभग दो वर्ष पहले हुई थी लेकिन शादी के बाद से ही और दहेज लाने की डिमांड शुरू हो गई दहेज की रकम न मिलने पर ससुराल में विवाहिता के साथ आए दिन मारपीट गाली गलौज और उसके साथ जुल्म अत्याचार किया जाना शुरू कर दिया अत्याचार की हद तो तब पार हो गई जब पेट्रोल डालकर विवाहिता को जिंदा जलाने का प्रयास ससुरालियों द्वारा किया गया था इतना ही नहीं शादी में मिले सोने चांदी की जेवर नगद रुपए वा अन्य सामान भी मारपीट कर विवाहिता से छीन लिए गए मामले को लेकर बिरादरी रिश्तेदारों के बीच पंचायत भी हुई लेकिन ससुराल के लोग मानने को तैयार नही हुए और उनका अत्याचार कम नहीं हुआ बार-बार मारपीट से प्रताड़ित होकर विवाहिता जान बचाकर भाग कर मायके आई और अपने माता को मामले की पूरी जानकारी दी ससुराल से त्रस्त विवाहिता ने मामले की सूचना कोखराज थाना पुलिस को 23 सितम्बर को दिया विवाहिता के प्रार्थना पत्र में कोखराज थाना पुलिस ने गंभीर धाराओं में ससुराल वालों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है लेकिन मुकदमा दर्ज करने को लगभग 1 महीने बीत रहे है लेकिन जांच के नाम पर अभी तक कोखराज पुलिस ने विवाहिता पर अत्याचार करने वाले उसके ससुरालियों को गिरफ्तार नहीं किया है जांच के नाम पर पुलिस मामले में लीपा पोती करने में लगी है विवाहिता ने पुलिस अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट करते हुए मुकदमे के नामजद अभियुक्तों पति सर्वेश गुप्ता समेत जेठ जेठानी सास आदि आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

श्री रामलीला समिति मनौरी का सम्मान समारोह सकुशल संपन्न

ऐतिहासिक रावण वध मेला दशहरा भरत मिलाप आकर्षक सजावट और आकर्षक चौकिया सकुशल संपन्न होने पर स्वागत समारोह का आयोजन

अखंड भारत संदेश

मनौरी कौशाम्बी। श्री रामलीला समिति मनौरी के बैनर तले तीन दिन चलने वाला ऐतिहासिक रावण वध मेला दशहरा भरत मिलाप आकर्षक सजावट और आकर्षक चौकिया सकुशल संपन्न होने पर स्वागत समारोह का आयोजन किया गया जिसमें तमाम लोगों को सम्मानित किया गया समिति के प्रबंधक उमेश कुमार केसरवानी दीपू भैया ने बताया की यह मेला अंग्रेजो के समय से होता चला आ रहा है कार्यक्रम का संचालन शंभू लाल केसरवानी संरक्षक श्री रामलीला समिति द्वारा किया गया। मेला को सकुशल संपन्न कराने में महती भूमिका निभाने वाले पूरामुफ्ती थाना अध्यक्ष और पिपरी थानाध्यक्ष तथा पुलिस बल को माला और अंग वस्त्र पहना कर सम्मानित किया गया सम्मान के क्रम में बिजली पावर हाउस के जेई व स्टाफ को माला व अंग वस्त्र पहना कर सम्मानित किया गया! अगली कड़ी में मेला का प्रचार प्रसार करने वाले प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया के पत्रकार राकेश कुमार केसरवानी ,मदन कुमार केशरवानी प्रदीप कुशवाहा,राकेश गुप्ता,मनोज सोनी सुरेश सिंह,ईश्वर दिन साहू,राज कुमार,इंद्रजीत कुमार,अनूप कुमार केसरवानी राज कुमार केसरवानी सुनील साहू बलराम साहू आदि पत्रकारों को माला और अंगवस्त्र पहना कर सम्मानित किया है। कार्यक्रम में मुख्यरूप से शंभू लाल केसरवानी संरक्षक राधे श्याम केसरवानी संरक्षक हेम चंद्र केसरवानी संरक्षक प्रमोद कुमार केसरवानी संरक्षक सुधीर कुमार अध्यक्ष व्यापर मंडल मनौरी उमेश कुमार केशरवानी प्रबंधक कुबेर चंद्र अध्यक्ष राकेश कुमार केसरवानी वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरोत्तमदास केसरवानी प्रांतीय मंत्री उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल मनोज कुमार केसरवानी वरिष्ठ उपाध्यक्ष रतन कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि केसरवानी पूर्व प्रधान संरक्षक विकाश कुमार, राजीव कुमार,प्रदीप केसरवानी कोषाध्यक्ष संजीव कुमार राजू शरद कुमार गुप्ता मनौरी दंगल प्रमुख राजेश कुमार उपाध्यक्ष अवधेश कुमार उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र गुप्ता, धीरेंद्र कुमार मंत्री हरजीवन लाल प्रधान मनौरी गांव, राजेश सिंह पटेल गुड्डू अरविंद सोनकर मंत्री रिंकू केसरवानी भारत लाल केसरवानी राज कुमार केसरवानी एडवोकेट, पंकज कुमार, राज कुमार केसरवानी मंत्री सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

खंड शिक्षा अधिकारी के ठेंगे पर है शिक्षा निदेशक लखनऊ का आदेश

18 अक्टूबर को भेजे पत्र में शिक्षा निदेशक ने एक सप्ताह के भीतर कार्यवाही कर आख्या मांगने के मामले में नहीं हुआ पालन

अखंड भारत संदेश

नैतिकता में पतन तथा नैतिक पतन के उत्तरदायी कारक

कौशाम्बी। नैतिकता का पाठ पढ़ाने वाली शिक्षिकाओं का नैतिक पतन इस कदर हो गया है कि अब उसकी चर्चा गली कूचे में होने लगी है शिक्षिकाएं खुद नैतिकता का पालन नहीं कर रही है तो कैसे स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को वह नैतिकता का पालन करना सिखाएंगी इतना ही नहीं शिक्षिकाओं के साथ-साथ अब खंड शिक्षा अधिकारी और बेसिक शिक्षा अधिकारी भी नैतिकता का पालन करना भूल गए हैं परिषदीय विद्यालयों में नियमों के विपरीत कार्य करने वाली शिक्षिकाओं के बचाव में आखिर खंड शिक्षा अधिकारी और बेसिक शिक्षा अधिकारी क्यों जोर आजमाइश करने में लगे हैं जबकि दोषी शिक्षिकाओं पर कार्यवाही करने का निर्देश 18 अक्टूबर को शिक्षा निदेशक बेसिक लखनऊ ने पत्र संख्या 727 के जरिए बेसिक शिक्षा अधिकारी कौशांबी को भेज कर दिया है शिक्षा निदेशक बेसिक लखनऊ ने भेजे गए पत्र में स्पष्ट किया है कि एक सप्ताह के अंदर दोषी शिक्षिकाओं का वेतन अवरुद्ध करते हुए आख्या से अवगत कराए लेकिन शिक्षा निदेशक के आदेश को एक सप्ताह से अधिक बीत गया है और शिक्षा निदेशक बेसिक के आदेश पर अभी तक ना तो कार्यवाही हुई है और ना ही दोषी शिक्षिकाओं का वेतन अवरुद्ध किया गया है शिक्षा निदेशक बेसिक के आदेश के बाद केवल उनके आदेश को खंड शिक्षा अधिकारी के पास फॉरवर्ड करके बेसिक शिक्षा अधिकारी अपनी नैतिक जिम्मेदारी को भूल गए हैं आखिर शिक्षा विभाग में नैतिकता का पाठ पढ़ने वाली शिक्षिकाओं को नैतिकता का पाठ अब बेसिक शिक्षा अधिकारी नहीं पढ़ाएंगे तो फिर इन शिक्षिकाओं को नैतिकता का पाठ कौन पढ़ाएगा।

गौरतलब है कि गांधी जयंती और उसके एक दिन पूर्व 1 अक्टूबर को विद्यालय को खुला रखने और स्वच्छता अभियान के तहत साफ सफाई करने का निर्देश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिया था लेकिन मुख्यमंत्री के आदेश के बावजूद नेवादा विकासखंड के चलौली विद्यालय में शिक्षिकाएं स्मिता वर्मा और श्वेता श्रीवास्तव नहीं पहुँची जिस पर मामले की शिकायत प्रधानाध्यापिका वंदना सिंह ने खंड शिक्षा अधिकारी बेसिक शिक्षा अधिकारी जिला अधिकारी से लेकर के मामले की शिकायत शिक्षा निदेशक बेसिक लखनऊ से 4 अक्टूबर और 17 अक्टूबर को किया प्रधानाध्यापिका के शिकायत को शिक्षा निदेशक बेसिक लखनऊ में गंभीरता से लिया और 18 अक्टूबर को पत्र संख्या 727 के जरिए बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए लिखा कि दोषी शिक्षिकाओं का वेतन अवरुद्ध करते हुए एक सप्ताह के अंदर शिक्षा निदेशक को आख्या उपलब्ध कराए लेकिन शिक्षा निदेशक का यह पत्र बेसिक शिक्षा विभाग में हवा हवाई साबित हो रहा है आखिर कब तक तानाशाही पूर्वक कौशांबी का बेसिक शिक्षा विभाग संचालित होता रहेगा शिक्षा निदेशालय के आदेश का पालन करने के बजाय दोषियों को बचाने का प्रयास किया जाता रहेगा दोषी शिक्षिकाओं की ओर से उन्हें बचाने के हर हथकंडे अपनाए जा रहे हैं विभागीय अधिकारियों का बल पाने के बाद दोषी शिक्षिकाओं ने प्रधानाध्यापिका के साथ गाली-गलौज किया उन्हें जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया। शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया गया गांधी जयंती पर अनुपस्थित रहने की शिकायत के बाद भी प्रधानाध्यापिका के साथ शिक्षिकाओं ने गाली गलौज और अभद्रता की थी जिससे प्रधानाध्यापिका भयभीत है। मामले की शिकायत प्रधानाध्यापिका वंदना सिंह ने 12 अक्टूबर को अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज को पत्र भेजकर की है 15 दिन बीत जाने के बाद यह मामला भी पुलिस की फाइल में जांच के नाम पर लंबित है अभी तक इस मामले में भी दोषी शिक्षिकाओं के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर दोषी शिक्षिकाओं की गिरफ्तारी की कार्यवाही नहीं हुई है जिससे योगी सरकार के कार्यकाल में अधिकारियों की तानाशाही का अंदाजा लगाया जा सकता है।

अमृत कलश बस यात्रा लखनऊ के लिए रवाना

कौशाम्बी। डीएम सुजीत कुमार ने "मेरी माटी-मेरा देश" के तहत अमृत कलश यात्रा बस को डायट मैदान, मंझनपुर से हरी झंडी दिखाकर लखनऊ के लिए रवाना किया शुक्रवार को डायट मैदान मंझनपुर से भव्य शोभायात्रा निकालते हुए अमृत कलश यात्रा बस को रवाना किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित थे बतादें कि कल दिनाँक 26 अक्टूबर 2023 को जनपद मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में जन प्रतिनिधियों संबंधित अधिकारियों द्वारा नगर निकायों विकास खण्डों से भव्य शोभायात्रा के साथ लाए गए अमृत कलश को एकत्र किया गया था।

संपादक की कलम से

बन्दूक-संस्कृति से दागदार होती अमेरिकी छवि

दुनिया में स्वयं को सभ्य एवं स्वयंभू मानने वाले अमरीका में बढ़ रही बंदूक संस्कृति के साथ-साथ लोगों में बढ़ रही असहिष्णुता, हिंसक मनोवृत्ति और आसानी से हथियारों की सहज उपलब्धता का दुष्परिणाम बार-बार होने वाली दुखद घटनाओं के रूप में सामने आना चिन्ताजनक है। अमेरिका में एक हत्यारे ने गोलियां बरसाकर करीब 21 लोगों को मौत की नींद सुला दिया और कई को जख्मी कर दिया है। तीन स्थानों पर गोलीबारी करने के बाद हत्यारा घटनास्थल से भागने में सफल हुआ है। आश्चर्यकारी है कि दुनिया की सबसे दुरस्त एवं सक्षम अमेरिकी पुलिस एक हत्यारे को पकड़ने में इतनी लाचार हो गई कि उसे सहयोग के लिए आम लोगों से अपील करनी पड़ी। हिंसा की बोली बोलने वाला, हिंसा की जमीन में खाद एवं पानी देने वाला, दुनिया में हथियारों की आंधी लाने वाला अमेरिका अब खुद हिंसा का शिकार हो रहा है। अमेरिका की आधुनिक सभ्यता की सबसे बड़ी मुश्किल यही रही है कि यहां हिंसा इतनी सहज बन गयी है कि हर बात का जवाब सिर्फ हिंसा की भाषा में ही दिया जाने लगा। वहां हिंसा का परिवेश इतना मजबूत हो गया है कि वहां की बन्दूक-संस्कृति से वहां के लोग अपने ही घर में बहुत असुरक्षित हो गए थे। अमेरिका को अपनी बिगड़ती छवि के प्रति सजग होना चाहिए क्योंकि यह एक बदनुमा दाग है जो उसकी अन्तर्राष्ट्रीय छवि को आघात लगा रहा है। दुनिया में बंदूक की संस्कृति को बल देने वाले अमेरिका के लिये अब यह खुद के लिये एक बड़ी समस्या बन चुकी हैं। अमेरिका घृणा, अपराध, हिंसा और बंदूक संस्कृति के गढ़ के रूप में पहचान बना रहा है। किसी सिख या किसी मुस्लिम बच्चे की हत्या हो या किसी अश्वेत पर बर्बरता, अमेरिका की स्थिति लगातार निंदनीय, डरावनी एवं असंतुलित होती जा रही है। कोई भी सामान्य सा दिखने वाला आदमी हथियार लेकर आता है और अनेक लोगों की जान ले लेता है। नवीनतम घटना 25 अक्तूबर को देर रात एंड्रोस्कोगिन काऊंटी के अंतर्गत पडने वाले लेविस्टन में हुई, इस हादसे का सबसे खराब पहलू यह है कि अनेक लोग भगदड़ की वजह से घायल हुए तो अनेक हत्यारे की गोलियों से गहरी नींद सो गये हैं। नरसंहार के कथित आरोपी 40 वर्षीय रॉबर्ट कार्ड को पुलिस ने हथियारबंद और खतरनाक व्यक्ति माना है, पर सवाल है कि क्या वह रातों-रात हत्यारा एवं हिंसक हुआ है? हत्यारा रॉबर्ट कार्ड अमेरिकी सेना से जुड़ा रहा है और आग्नेयास्त्र प्रशिक्षक है। मानसिक अस्वस्थता एवं मनो विकारों से ग्रस्त हत्यारे के खिलाफ अनेक शिकायतें पहले भी मिल चुकी थी, प्रश्न है कि उन्हें क्यों नहीं गंभीरता से लिया गया। अमेरिका में आए दिन ऐसी खबरें आती रही कि किसी सिरफिरे ने अपनी बंदूक से कहीं स्कूल में तो कभी बाजार में अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और उसमें नाहक ही लोग मारे गए। अब तो अमेरिकी बच्चों के हाथों में भी बन्दूकें हैं। इसके पीछे एक बड़ा कारण वहां आम लोगों के लिए हर तरह के बंदूकों की सहज उपलब्धता है और इन बन्दूकों का उपयोग मामूली बातों और उन्मादग्रस्त होने पर अंधाधुंध गोलीबारी में होता रहा है, जो गहरी चिन्ता का कारण बनता रहा।आम जन-जीवन में किसी सिरफिरे व्यक्ति की सनक से किसी बड़ी अनहोनी का अन्देशा हमेशा वहां बना रहता है, वहां की आस्थाएं एवं निष्ठाएं इतनी जख्मी हो गयी कि विश्वास जैसा सुरक्षा-कवच मनुष्य-मनुष्य के बीच रहा ही नहीं। साफ चेहरों के भीतर कौन कितना बदसूरत एवं उन्मादी मन समेटे है, कहना कठिन है। अमेरिका की हथियारों की होड़ एवं तकनीकीकरण की दौड़ पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है।

वर्धा विश्वविद्यालय में गांधी के नाम पर तिजारत

के. विक्रम राव

कामसूत्र पर साधु समाज में चर्चा। निजी पूंजी की श्रेष्ठता पर माओवादी सभा में गोष्ठी। क्या अभिप्राय होता है ? ठीक ऐसा ही हुआ 25 अक्टूबर को महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय (वर्धा) में। यहां ब्रिटिश नृशंस उपनिवेशवादी थॉमस मैकाले की 223वीं जयंती मनाने की तैयारी की गई। कार्यभारी कुलपति दलित प्राध्यापक लेल्ला कारुण्यकर ने यह सब रचा। वे अंबेडकर दलित अध्ययन केंद्र के निदेशक भी हैं। तेलुगुभाषी हैं। लखनऊ में भी रहे हैं। भला हो राष्ट्रवादी छात्रों का जिन्होंने बवंडर उठाया कि भारतीय शिक्षा पद्धति के घोर शत्रु और नाशक मैकाले की जन्मगांठ बापू की संस्था में न मने ? मानो कृष्ण मंदिर में गौहत्या होने से बच गई। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार कादर नवाज खान ने तत्काल नोटिस द्वारा प्रो. कारुण्यकर को निर्देश दिया कि भारतीय संस्कृति, दृष्टि और भावना के विपरीत रहे मैकाले की जयंती कदापि न मनाई जाए। मोदी सरकार की नई शिक्षा नीति-2020 से ऐसा समारोह तालमेल नहीं रखता। शायद ही भारत का कोई शिक्षा संस्थान है जिसका इतना सीधा नाता राष्ट्रपिता से रहा हो तथा जहां नीति गांधीवादी चिंतन, नीति, कार्य, निर्णय और व्यवहार के सरासर प्रतिकूल ऐसा हुआ हो।

इस विश्वविद्यालय की स्थापना भारत सरकार ने सन् 1996 में संसद द्वारा पारित एक अधिनियम द्वारा की थी। मगर यह शिक्षा संस्थान कम्युनिस्ट और कांग्रेस सत्तावानों की कुट्टनीतियों का केंद्र रहा। जब रिटायर्ड पुलिसवाले वीएन राय इसके कुलपति नामित हुए तो इसमें बिना अर्हता, योग्यता और अमान्य लोगों की कई नियुक्तियां की गईं। अतः उनके जाते ही, वे सब हटा दिए गए। इस विश्वविद्यालय के कुलपति रहे प्रकाण्ड विद्वान पं. गिरीश्वर मिश्र जी ने इन घटनाओं पर क्षोभ तथा विषाद व्यक्त किया है। उनके अग्रज स्व. पं. विद्यानिवास मिश्र जी नवभारत टाइम्स के संपादक रहे हैं।

इस समस्त प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच मोदी काबीना के शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तत्काल करनी चाहिए। समस्त वित्तीय अनियमितितायें, प्रशासनिक धांधलियां, यौन शोषण प्रकरण, पद का दुरुपयोग, भाई-भतीजावादी नियुक्तियों आदि की पड़ताल हो। यहां बापू के नाम पर तिजारत हुई। बुनियादी शिक्षा पद्धति का सेवाग्राम एक प्रस्थान बिंदु रहा। गांधीजी ने 23 अक्टूबर 1937 को नयी तालीम की योजना बनायी थी जिसे राष्ट्रव्यापी व्यावहारिक रूप दिया जाना था। उनके शैक्षिक विचार समकालीन शिक्षाशास्त्रियों के विचारों से मेल नहीं खाते थे। इसलिये उनके विचारों का विरोध हुआ। गांधीजी ने कहा था कि नयी तालीम का विचार भारत के लिए उनका अन्तिम एवं सर्वश्रेष्ठ योगदान है। गांधीजी के लम्बे समय तक विचारों के गहन मंथन के परिणामस्वरूप नयी तालीम का दर्शन एवं प्रक्रिया का प्रादुर्भाव हुआ। दुर्भाग्यवश इस कल्याणकारी शिक्षा-प्रणाली का राष्ट्रीय स्तर पर भी समुचित प्रयोग नहीं हो पाया। फलस्वरूप आजतक भारत गांधीजी के सपनों के अनुरूप सार्थक और सही स्वराज प्राप्त करने में असमर्थ रहा।

देश में पूजीपतियों पर आश्रित सभी शिक्षण-संस्थाएं व्यावसायिक रूप में सक्रिय तो हैं, पर गरीबों की पहुंच से बाहर हैं। भारत की स्वाधीनता के 75 से अधिक वर्ष बीतने के पश्चात भी ऐसे बच्चों की संख्या काफी अधिक है, जिन्होंने विद्यालय के द्वार तक नहीं देखे हैं। जो विद्यालय जाने का सामर्थ्य रखते हैं, उन्हें लॉर्ड मैकाले की परम्परा से चली आ रही अंग्रेजी शिक्षा के अतिरिक्त कुछ भी प्राप्त नहीं होता।

अतः चर्चा हो मैकाले पर ही। यह राजनेता बड़ा स्पष्ट था कि भारतीय शिक्षा पद्धति ऐसी हो कि केवल ब्रिटिश राज के लिए क्लर्क, दफ्तरी, चपरासी तैयार करें। गुलाम हिंदुस्तानियों में हीन भावना भरी जाए। असली चिंतनशील मस्तिष्क के केवल मानसिक परछाइयां ही बनी रहें। स्वतंत्र भारतीय सोच तो अंग्रेजों के लिए अस थी। मैकाले की समिति ने सिफारिश की थी कि भारतीय स्कूलों में शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी होना चाहिए। पाठ्यक्रम पश्चिमी मूल्यों और विचारों पर आधारित होना चाहिए। इन्हीं सिफारिशों को लागू किया गया और अंग्रेजी ही भारतीय स्कूलों में शिक्षा की प्रमुख भाषा बन गई। इसीलिए रवीद्रनाथ टैगोर ने शांति निकेतन की स्थापना की।

गुरुकुल प्रणाली को मजबूत बनाने का प्रयास चला। अश्वेत मनोवैज्ञानिक फ्रांटेज उमर फेनन तथा कवि-राजनेता अइमे सीजेयर ने फ्रांसीसी उपनिवेशवाद के विरुद्ध अपनी स्वाधीन राष्ट्र के लिए देसी भाषा का संघर्ष चलाया था। ऐसा ही संघर्ष पुर्तगाली राज के भाषायी शोषण के खिलाफ गुलाम गोवा में ट्रिस्टों ब्रगांजा कुंहों ने चलाया था। मगर भारत में संगठित और सुनियमित प्रयास गांधी जी का ही था। जब भारत आजाद हुआ तो विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग के अध्यक्ष के नाते 1949 में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन (बाद में राष्ट्रपति) ने धार्मिक शिक्षा को पाठ्यक्रम में शामिल करने का सुझाव रखा था। पर कथित सेक्युलर जवाहरलाल नेहरू ने इसे नहीं माना। आखिर यह थॉमस मैकाले था कौन ? ब्रिटिश राज में यह युद्ध सचिव और पोस्टमास्टर जनरल था। भारत को भ्रष्ट करने की नीयत उसने स्पष्ट कर दी थी। उसने कहा था, मैंने भारत की चातुर्दिक यात्रा की है और मुझे इस देश में एक भी याचक अथवा चोर नहीं दिखा, मैंने इस देश में सांस्कृतिक संपदा से युक्त उच्च नैतिक मूल्यों तथा असीम क्षमता वाले व्यक्तियों के दर्शन किए हैं। मेरी दृष्टि में आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत जो कि इस देश का मेरुदंड रीढ़ है उसको खंडित किए बिना हम इस देश पर विजय प्राप्त नहीं कर सकते हैं।

लार्ड मैकाले ने तब प्रस्ताव किया कि इस देश की प्राचीन शिक्षा पद्धति, उनकी संस्कृति को इस प्रकार परिवर्तित कर दें। परिणाम स्वरूप भारतीय यह सोचने लगें कि जो अंग्रेज ही श्रेष्ठ एवं महान हैं। इस तरह से वे अपना आत्मसम्मान, आत्म गौरव तथा उनकी अपनी मूल संस्कृति को खो देंगे और वह वही बन जाएंगे जो कि हम चाहते हैं, पूर्ण रूप से हमारे नेतृत्व के अधीन एक देश। भारत की संपत्ति उनकी शिक्षा में है हम उनकी शिक्षा पद्धति को जब बिगाड़ देंगे तब भारत हमारे अधीन हो जाएगा। इंग्लैंड की संसद में भाषण : 2 फरवरी 1835)। तो ऐसे व्यक्ति थे मैकाले, जिन्हें प्रो. करुणाकरजी अपना हीरो मानकर पेश कर रहे थे। उन्होंने इस बापू के नामवाले शीर्ष संस्थान का बेड़ा गर्क करना चाहा। मगर विफल रहे।

डॉक्टरों पर हमला करने वालों को भेजो जेल

आर.के. सिन्हा

पिछले दिनों राजधानी में सैकड़ों डॉक्टर राजघाट पर एकत्र हुए। ये वही डॉक्टर हैं, जो जानलेवा कोरोना की दूसरी लहर के समय भगवान के दूत बनकर रोगियों का इलाज कर रहे थे। लेकिन, अब ये डरे-सहमे हुए हैं। इनकी डर की वजह यह है कि इन पर होने वाले हमलों और दुर्व्यवहार के मामलों की घटनाओं में तेजी से वृद्धि हो रही है । केन्द्र सरकार से यह मांग कर रहे हैं कि वो तुरंत ही कोई सख्त कानून लेकर आए ताकि डॉक्टर बिना किसी भय भाव के काम सकें। फिलहाल तो डॉक्टरों पर हमले लगातार बढ़ते ही चले जा रहे हैं। आप स्वयं गूगल करके देख लें। आपको डॉक्टरों पर हमलों के अनगिनत मामले मिलेंगे। बेशक, डाक्टरों के साथ बदतमीजी या मारपीट करना किसी भी सभ्य समाज में सही नहीं माना जा सकता। इसकी भरपूर निंदा तो होनी ही चाहिए और जो इस तरह की अक्षम्य हरकतें करते हैं, उन्हें कठोर दंड भी मिलना चाहिए। बेशक, देशभर में हजारों-लाखों निष्ठावान डॉक्टर हैं। वे रोगी का पूरे मन से इलाज करके उन्हें स्वस्थ करते हैं। आपको पटना से लेकर लखनऊ और दिल्ली से मुंबई समेत देश के हरेक शहर और गांव में सुबह से देर रात तक कड़ी मेहनत करते ए हजारों डाक्टर बंधु मिल जाएंगे।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष रहे डॉ. विनय अग्रवाल भी उस मार्च में शामिल थे जो राजघाट पर पहुंची थी। उनकी मांग है कि डॉक्टरों पर हमले करने वालों पर 5 लाख रुपये तक का जुमार्ना और तीन साल तक की कैद हो। ये सारे कदम इसलिए उठाए जाने की जरूरत है ताकि डॉक्टरों पर हमले करने के बारे में कोई सपने में भी न सोचे। डॉ. विनय अग्रावल कोरोना काल में किसी फरिश्ते की तरह कोरोना की चपेट में आए लोगों को अस्पताल में बेड दिलवा रहे थे। यह उन दिनों की बातें हैं जब कोरोना के रोगियों के संबंधी अस्पतालों में बेड तलाश रहे थे। निश्चय ही उस डरावने दौर को याद करते ही दिल बैठने लगता है जब कोरोना के कारण प्रलय वाली स्थिति बन गई थी। तब कोरोना के रोगियों के इलाज करने के लिए सिर्फ डॉक्टर और उनका स्टाफ ही सामने आ रहे थे। उस भयानक दौर में डॉ. विनय अग्रवाल और उनके साथी डॉक्टर दिन-रात रोगियों का इलाज कर रहे थे। उन्होंने उस दौरान सैकड़ों कोरोना रोगियों के लिए बेड की व्यवस्था करवाई थी। आज वे ही डॉक्टर अपनी जान की रक्षा करने के लिए सरकार से गुजारिश कर रहे हैं। यह वास्तव में बेहद दुखद स्थिति है। आप कभी राजधानी में देश के चोटी के राममनोहर लोहिया अस्पताल यानी आरएमएल में जाइये। वहां की इमरजेंसी सेवाओं में हर समय करीब एक दर्जन बलिष्ठ भुजाओं वाले बाउंसर तैनात मिलते हैं। यहां पर मरीजों के दोस्तों और ?श्तेदारों के डाक्टरों के साथ कई बार हाथापाई करने के बाद अस्पताल मैनेजमेंट ने बाउंसरों को तैनात कर दिया है। जब से यहां पर बाउंसर रहने लगे हैं तब से अस्पताल में शांति है। वर्ना तो लगातार डॉक्टरों के साथ बदसलूकी और मारपीट के मामले सामने आते थे। कई बार डॉक्टरों को इलाज में कथित देरी या किसी अन्य कारण के चलते कुछ सिरफिरे लोग मारने-पीटने भी लगते थे। यहां पर कुछ महिला बाउंसर भी हैं। याद रख लें कि अगर डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भी डॉक्टर सुरक्षित नहीं हैं तो फिर बाकी जगहों की बात करना बेकार है। राम मनोहर लोहिया अस्पताल में सरकारी बाबुओं से लेकर देश के सांसदों और मंत्रियों तक का इलाज होता है। कोरोना काल में यहां के डॉक्टरों ने अनगिनत लोगों की जानें बचाईं थीं। राजधानी के ही लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल ने भी अपने डॉक्टरों को बचाने के लिए बाउंसर रख दिए हैं। करीब दो साल लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल में गार्ड की तीमारदारों ने मारपीट की थी। दिल्ली पुलिस के जवान जब तक बचाने आते तब तक सुरक्षाकर्मी को तीमारदार मारपीट कर चुके थे। यह हाल उस सुरक्षाकर्मी का था जिसके कंधे पर डॉक्टरों को बचाने की जिम्मेदारी थी। उसका हाथ तक टूट गया था। इस घटना के बाद लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल ने बाउंसरों को लगाया। इन दोनों अस्पतालों में सारे देश से रोगी पहुंचते हैं। आपको पिछले कुछ महीने पहले राजस्थान के दौसा जिले की उस घटना की याद होगी जब एक महिला डॉक्टर डॉ. अर्चना शर्मा ने आत्महत्या कर ली थी। उस घटना से देशभर के डॉक्टर सहम गए थे। वह घटना चीख-चीख कर इस चिंता की पुष्टि कर रही थी कि वक्त आ गया है कि देश के डॉक्टरों को पर्याप्त सुरक्षा दी जाए।

चीन, रूस और ईरान का अमेरिका के विरुद्ध षड्यंत्र

संजीव

अमेरिकी विदेश मंत्री एथोनी ब्लिंकन ने संयुक्त राष्ट्र संघ की सभा में स्पष्ट रूप से कहा है कि इस सभा में सबको विदित है कि तो कुख्यात आतंकवादी संगठन हमास ,हिजबुल्ला और फलस्तीन इस्लामिक जिहाद को कई वर्षों से ईरान प्रत्यक्ष तथा परोक्ष रूप से आर्थिक सामरिक सहायता कर इजराइल का विरोध करवाता आ रहा है. ब्लिंकन ने कहा हमास के इसराइल पर हमले में अमेरिका पूरी तरह से इसराइल के साथ खड़ा है और वह किसी अन्य देश के हमले से इजरायल की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है हमास का आक्रमण इजरायल की प्रभु सत्ता को चुनौती देने वाला है इसलिए इसराइल को हमास पर आक्रमण करने का पूरा-पूरा वैधानिक हक है इजरायल को अपनी जनता तथा अपनी भूमि की रक्षा करने का पूरा अधिकार है इसराइल अपना कर्तव्य निभा रहा है' लिंकन ने स्पष्ट कहा है यदि ईरान, जॉर्डन, सीरिया या लेबनान अमेरिकी सैनिकों पर हमला करेगा तो उसका तुरंत माकूल जवाब दिया जाएगा' इधर ईरान के प्रमुख आयतुल्लाह खुमैनी ने कहा कि गाजा पट्टी में निर्दोष नागरिकों तथा बच्चों महिलाओं की हत्या का सारा दोष अमेरिका प्रशासन को जाता है जिसने इसराइल को गाजा पट्टी पर निर्दोष नागरिकों पर आक्रमण करने की खुली छूट देकर रखी है और यदि अमेरिका इस युद्ध में शामिल होता है तो खाड़ी के अनेक राष्ट्र शामिल होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी अमेरिका पर होगी। यह बात पूरी दुनिया को मालूम है कि हमास के पीछे ईरान और मिडिल ईस्ट के कई देश शामिल हैं और ईरान के पीछे ड्रैगन तथा रूस का खुला समर्थन है। चीन और रूस ने फिलिस्तीन तथा हमास को अपने समर्थन का ऐलान किया है. रूस चाहता है कि अमेरिका का ध्यान रूस यूक्रेन युद्ध से हट जाए और वह यूक्रेन को पूरी तरह नष्ट कर अपने देश की सीमा में शामिल कर ले। इसी तरह की चाहत चीन ने भी पाल कर रखी है वह ताइवान के मामले में अमेरिकी हस्तक्षेप से परेशान है और वह चाहता है कि अमेरिका का ध्यान इसराइल हमास युद्ध में लगा रहे और वह इसी दौरान आक्रमण करके ताइवान को अपनी प्रभु सत्ता में शामिल कर ले' चीन और रूस में खुले तौर पर ईरान को भड़काकर हमास हिज्बुल्लाह और फिलिस्तीन इस्लामी जिहाद को सहायता करने तथा आक्रमण करने की इजाजत दे दी थी तब जाकर ईरान ने हमास को सीधे-सीधे इसराइल पर आक्रमण करने का निर्देश भी दिया है' 7 अक्टूबर 23 को हमास के आक्रमण से लगभग 1200 से 1500 इसराइली नागरिक सैन्य अधिकारी बच्चे तथा स्त्रियों की सरेआम हत्या कर दी गई। जवाब में इजरायल ने फिलिस्तीन के गाजा पट्टी पर हमला कर हमास के फ्रंटलाइन आतंकवादियों को खत्म कर दिया है कॉलेटरल डैमेज के रूप में वहां के नागरिक तथा बच्चों एवं स्त्रियां भी मौत की नींद सो चुके हैं' हमास इसराइल लड़ाई में नया मोड़ तब आया जब गाजा के एक अस्पताल में बम गिरकर 500 लोगों की हत्या कर दी गई।

पूर्ण युद्ध विराम बनाम मानवीय विराम

किशन गोंदिया

वैश्विक स्तरपर यह सर्वविदित है कि अमेरिका और रूस दोनों ही अपने आप कोविश्व का बादशाह के रूप में देखते हैं जो सदियों से चला रहा है,चाहे दोनों देशों में अब तक अनेकों राष्ट्रपति बदल गए हैं, पर हर सरकार के दौर में वर्चस्व की जंग जारी रहती है।मेरा मानना है कि शायद उन राजनीतिक पार्टियों के लिए एक राजनीतिक मजबूरी भी है परंतु यह दावेदारी, वर्चस्व की लड़ाई, कभी-कभी मानवता और मानवीय सुरक्षा, सहायता, संवेदनशीलता के लिए भारी पड़ जाती है, जिसका ताजा उदाहरण हम इसराइल-हमास जंग में देख रहे हैं कि कैसे दोनों देशों के नेतृत्व में वर्चस्व की लड़ाई से दुनिया तीन खेमों में बंट गई है जबकि मानवीय मानवता के दृष्टिकोण पर पूरे विश्व को एक होने की जरूरत है। हालांकि इसका उल्लेख अंतरराष्ट्रीय ट्रिटीयों, संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय मंचों के माध्यम से पहले से ही है परंतु इसका पालन सख़्ती से नहीं किया

जाता है। अगर हमास में पूरी मानवीय जरूरातमरत की चीजें ध्वस्त हो चुकी है जो टीवी चैनलों पर ग्राउंड रिपोर्टिंग सारी दुनियां को देखकर पता चल रहा है। परंतु इस मुद्दे पर दिनांक 25 अक्टूबर 2023 को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में दुनियां तीन खेमों में बंटी होने के साफ संकेत मिले, वहीं कूटनीतिक संभावनाएं भी खारिज होते नजर आई जबकि हजारों बेगुनाह लोग मौत के मुंह में समा गए हैं जो क्रम अभी भी जारी है। अमेरिका और सहयोगी देशों ने रूस के प्रस्ताव पूर्ण युद्ध विराम को भी वीटो से खारिज कर दिया तो वहीं रूस चीन व साथियों ने अमेरिका के मानवीय विराम प्रस्ताव को भी खारिज कर दिया। जबकि युद्ध का दायरा विस्तृत होते जा रहा है। थल यानी जमीनी सी तैयार है और एक-दो दिनों में यह कार्रवाई करते हुए दिख रही है निर्दोष जनता जिसका उदाहरण हम अस्पताल पर बमबारी से 500 से अधिक व्यक्तियों के हताहत होने,रहवासी क्षेत्रों में मिसाइल, लाखों लोग विस्पतिक, विस्थापित होनें, मानवता के मूल्य में गिरावट जैसे अनेक संकेतों से हम कर सकते हैं अब जरूरत है पूरे विश्व को एक मत से दुनिया आज को तीसरे युद्ध के मुंह पर खड़ी युद्ध से बचाना हिंसा को रोकना है। चूंकि हिंसा के अनेक रूप हैं, दिनांक 26 अक्टूबर 2023 को अमेरिका में फिर से गोली से 19 नागरिकों के हताहत होने की जानकारी मिली तो वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति का बयान आया कि जी 20 में भारत मध्य एशिया आर्थिक गलियारा से चढ़कर हमास का हमला जैसी बातें सामने आ रही है इसलिए अब युद्ध बंद करने की सख्त जरूरत है, इसलिए आज हम मीडिया में मतलब जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, गाजा इजरायल में बमबारी, अमेरिका रूस दोनों ने वीटो की बाजी हारी, शह मात का खेल जारी।

साथियों बात अगर हम 25 अक्टूबर 2023 को यूएनएससी युद्ध विराम की सभा की करें तो, गाजा पट्टी में इजराइल की बमबारी के बीच संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में युद्ध विराम पर एक बार फिर सहमति नहीं बन पाई। बुधवार को हुई बैठक में अमेरिका और रूस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में दो अलग-अलग प्रस्ताव दिए, लेकिन दोनों खारिज हो गए। मिडिल ईस्ट में इजरायल और हमास के बीच जारी युद्ध को लेकर रूस और चीन ने अमेरिका द्वारा तैयार संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव को वीटो कर दिया है। महासभा ने पहले ही गुरुवार को फिलिस्तीन पर 104 देशों के साथ एक आपातकालीन सत्र तय किया था औरफिलिस्तीन और यूरोपीय संघ ने बोलने के लिए बुधवार शाम तक हस्ताक्षर किए थे। (भारत वक्ताओं की सूची में नहीं था इसमें युद्धविराम के लिए एक प्रस्ताव पारित होने की संभावना थी, जो केवल प्रतीकात्मक होगा, क्योंकि इसके पास परिषद के समान प्रवर्तन शक्तियां नहीं हैं।अमेरिकी स्थायी प्रतिनिधि ने मॉस्को पर बुरे विश्वास में कार्य करने और अंतिम क्षण में बिना परामर्श के कई समस्याग्रस्त वर्गों के साथ प्रस्ताव पेश करने का आरोप लगाया। गाजा पट्टी में इजरायल और हमास के बीच जारी जंग पर अमेरिका द्वारा तैयार संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव पर रूस और चीन ने बुधवार को वीटो कर दिया है. मसौदे का उद्देश्य गाजा में बिगड़ते मानवीय संकट को संबोधित करना था, जिसमें सहायता पहुंच की अनुमति देने के लिए हिंसा को रोकने का आह्वान किया गया था. संयुक्त अरब अमीरात ने भी नहीं में मतदान किया, जबकि 10 सदस्यों ने पक्ष में मतदान किया और दो अनुपस्थित रहे.जानकारी के मुताबिक, मिडिल ईस्ट में इजरायल और हमास के बीच जारी युद्ध को लेकर रूस और चीन ने अमेरिका द्वारा तैयार संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव को वीटो कर दिया है, जबकि रूस अपने प्रस्ताव को पास करने के लिए फेल हो गया. न्यूज एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, गाजा पट्टी में इजराइल की बमबारी के बीच संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में युद्ध विराम पर एक बार फिर सहमति नहीं बन पाई, बुधवार को हुई बैठक में अमेरिका और रूस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में दो अलग-अलग प्रस्ताव दिए, लेकिन दोनों खारिज हो गए। अमेरिका ने जहां रूस के प्रस्ताव के खिलाफ वीटो किया वहीं, चीन और रूस ने अमेरिका के प्रस्ताव को पर अपनी वीटो की शक्ति का उपयोग करते हुए खारिज कर दिया।

भारतीय संस्कृति को उखाडने के हुए कई प्रयासः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

कामद भे गिरि राम प्रसादा, अवलोकत अपहरत विषादा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाकवि तुलसीदास की चैपाई- कामद भे गिरि राम प्रसादा, अवलोकत अपहरत विषादा से चित्रकूट की महिमा बताई। उन्होंने कहा कि कामदगिरि पर्वत से भगवान राम के आशीर्वाद से सभी कष्टों एवं परेशानियां दूर हो जाती हैं। उन्होंने अरविन्द भाई मफतलाल पर डाक टिकट जारी कर कहा कि कारपोरेट वर्ल्ड में अरविन्द भाई का बडा नाम है। उन्होंने चित्रकूट को मानव सेवा के लिए चुना है।

शुक्रवार को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जानकीकुण्ड परिसर में नये सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का शुभारम्भ कर कहा कि यहां के संतों व ऋषियों से यहां की संस्कृति अक्षुण्ण बनी है। पूज्य रणछोड़दास जी ऐसे संत थे, उनके निष्काम कर्मयोग से उन्हें प्रेरणा मिलती रही है। स्व अरविंद भाई मफतलाल की जन्म शताब्दी समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उन्हें खुशी है कि अरविंद भाई का परिवार उनकी परमार्थिक पूंजी को समृद्ध कर रहा है। जानकीकुंड चिकित्सालय में नई विंग का लोकार्पण कर कहा कि इससे लाखों मरीजों को नया जीवन मिलेगा। आने वाले समय में सद्गुरू मेडिसिटी में गरीबों की सेवा के अनुष्ठान को नया विस्तार मिलेगा। अरविंद भाई मफतलाल की स्मृति में भारत सरकार ने विशेष डाक टिकट जारी किया। ये पल स्वतः में सबके

लिए गौरव के पल हैं, संतोष के पल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अरविंद भाई मफतलाल का जीवन तपे हुए संत की तरह था। अरविंद भाई की जन्म शताब्दी मना रहे हैं। उनकी प्रेरणा को सभी लोग आत्मसात करें। देश की अर्थव्यवस्था में उनकी अहम भूमिका रही है। कृषि क्षेत्र में भी उनके काम की सराहना होती है। उनके काम को लोग आज भी याद करते हैं। देश के बड़े बैंकों को भी उन्होंने नेतृत्व दिया था। जीवन में समाज पर अलग छाप छोड़ी थी। कमाए धन का सबसे प्रभावी संरक्षण त्याग है। अरविंद भाई ने इसे मिशन बनाकर काम किया है। उनके कार्य एक सामान्य प्रयास नहीं है। ग्रामीण महिलाओं को ग्रामीण उद्योग की ट्रेनिंग मिल रही है।

प्रधानमंत्री ने रघुवीर मन्दिर में पूजा कर श्रीराम संस्कृत महाविद्यालय के पुस्तकालय का निरीक्षण कर अरविन्द भाई की समाधि स्थल पहुंचे। मफतलाल को श्रद्धा-सुमन अर्पित कर कहा कि चित्रकूट सब दिन बसत प्रभु सिया लखन समेत से चित्रकूट की महिमा बताई। प्रधानमंत्री तुलसीपीठ में जगदगुरु रामभद्राचार्य की हस्तलिखित तीन पुस्तकों का विमोचन किया। कहा कि संस्कृत भाषा से कई लोग दुश्मनी रखते हैं। दुनिया में हजारों वर्षों में कितनी ही भाषाएं आईं और चली गईं। नई भाषाओं ने पुरानी भाषाओं की जगह ले ली। संस्कृत आज भी उतनी ही अक्षुण्ण और अटल है। संस्कृत समय के साथ परिष्कृत तो हुई, लेकिन प्रदूषित नहीं हुई। भारतीय संस्कृति को कई बार उखाडने का प्रयास किया। चित्रकूट में पूरे दिन भगवान राम के मन्दिरों और संतों के दर्शन का सौभाग्य का दिन रहा। प्रधानमंत्री तुलसीपीठ से हेलीपैड पहुंचे। उन्हें मप्र के राज्यपाल व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान ने विदाई दी। प्रधानमंत्री ने दोनों से विशेष विमान के पास पांच मिनट वार्ता की।

डीएम ने बांटी मोटर साइकिल विद आइस बॉक्स

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत वर्ष 2023-24 में चयनित लाभार्थियों को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कलेक्ट्रेट परिसर में मोटर साइकिल विद आइस बॉक्स/साइकिल विद आइस बॉक्स की चाभी बांटी।

शुक्रवार को जिलाधिकारी ने कहा कि मोटरसाइकिल विद आइस बॉक्स/साइकिल विद आइस बॉक्स से लाभार्थी डोर टू डोर ताजी मछली बेंचने का कार्य कर सकते हैं। इससे मत्स्य व्यवसाय से रोजगार कर आय दोगुनी कर सकेंगे। इस मौके पर सहायक निदेशक मत्स्य भानु चन्द्रा, मत्स्य विकास अधिकारी दीपक मिश्रा, शेष नाथ आदि मौजूद रहे।

अफसरों ने दी मतदाताओं को जानकारी

अखंड भारत संदेश

मऊ/चित्रकूट। महामति प्राणनाथ महाविद्यालय में 27 अक्टूबर को मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम शुभारंभ तहसीलदार मऊ विजय यादव, स्वीप कोऑर्डिनेटर डॉ एस कुरील व नायब तहसीलदार विवेक कुमार ने किया। शुक्रवार को ये कार्यक्रम हुआ। ये नौ दिसंबर तक चलेगा। निर्वाचन आयोग के प्रयास हैं कि अभियान दौरान 18 वर्ष के युवाओं को मतदाता सूची में जोडा जायेगा। मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल है, उनकी मृत्यु हो चुकी है या जिन बच्चियों की शादी हो चुकी है, जो इस समय यहां नहीं रहते। ऐसे मतदाताओं का नाम विलोपन का फॉर्म 7 भरा जाएगा, नाम में संशोधन को फार्म 8 भरा जाएगा। ये जानकारी महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को दी गई।

बालिका की हुई नृसंश हत्या

अखंड भारत संदेश

मऊ/चित्रकूट। थाना क्षेत्र के तिलौली गांव की 14 वर्षीय बालिका बकरी चराने गई थी। देर शाम तक घर में बकरियां तो आ गई, लेकिन बालिका नहीं आई। परिजनों ने खोजबीन की तो बालिका का शव यमुना नदी किनारे मिला।

ये नृसंश हत्या तिलौली गांव में यमुना किनारे हुई। बताया गया कि बाबूलाल पुत्र द्वारिका ने थाने में लिखाई रिपोर्ट में कहा कि उसकी पुत्री खुशबू (14) अपरान्ह एक बजे गुरुवार को बकरी चराने यमुना किनारे गई थी। शाम तक बालिका के न लौटने से खोजबीन करने पर रात दो बजे शव यमुना किनारे घूरा नाले में मिला। शाम को पुत्र सोमनाथ व गांव के अन्य लोगों ने देखा। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने उचित धाराओं में मामला दर्जकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा।

थाना प्रभारी राजेश कुमार द्विवेदी ने कहा कि मामले की जांचकर विधिक कार्यवाही की जायेगी। मृतका के तीन भाई व बडी बहन रेनू है।

करवा चौथ पर गिफ्ट को लेकर पति ने पत्नी की हत्या कर खुद लगाई फांसी

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। करवा चैथ पर गिफ्ट को पति-पत्नी में विवाद होने से गुस्साये पति ने पत्नी की हत्या कर दी। खुद भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दम्पति की मौत से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

ये हादसा कोतवाली कर्वी के कुली तलैया में गुरुवार की रात हुआ। बताया गया कि बीरबल पत्नी सविता व दो बच्चियों के साथ रहता था। इनका विवाह 2020 में हुआ था। सविता पति बीरबल से करवा चैथ पर गिफ्ट की डिमांड कर रही थी। दोनों में मारपीट हो गई। गुस्साये पति ने सविता की नस काटकर हत्या कर दी। खुद भी फांसी के फंदे पर झूल कर जान दे दी। सूचना पर शुक्रवार को गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस ने छानबीन कर शवों को पोस्टमॉर्टम को मर्चरी भेजा है। करवा चैथ में गिफ्ट को लेकर हुए विवाद में पड़ोसियों ने बताया कि गुरूवार रात को सविता पति बीरबल से करवा चैथ के गिफ्ट को लेकर लड़ रही थी। इस बाबत कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पांडे ने बताया कि आपसी विवाद की बात सामने आ रही है। पुलिस जांच कर रही है।

समिति सचिव गायब, खाद के लिए किसान परेशान

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। मानिकपुर तहसील के बहुउद्देशीय ग्रामीण सहकारी समिति रूखमा खुर्द में सचिव मनमानी के चलते बिना अवकाश के दो दिन की छुट्टी का नोटिस गेट पर चस्पा कर चले गये हैं। किसान खाद के लिए परेशान भटक रहे हैं।

शुक्रवार को ग्रामीण सहकारी समिति रूखमा खुर्द के सचिव बिना छुट्टी के चले गये हैं। रबी फसल का मौसम चल रहा है, खाद भी उपलब्ध है, लेकिन सचिव की मनमानी के चलते किसानों को परेशानी उठानी पड रही है। खाद के अभाव में बोआई प्रभावित है। प्राइवेट दुकानों में मनमानी कीमत पर खाद मिल रही है। ग्रामीण सहकारी समिति रूखमा खुर्द में विजय बाबू पांडेय सचिव बिना किसी सरकारी अवकाश के समिति के गेट में नोटिस चस्पा कर 27-28 अक्टूबर को छुट्टी घोषित कर गेट पर ताला लगा दिये हैं। किसान खाद को परेशान भटक रहे हैं। बहुउद्देशीय ग्रामीण सहकारी समिति रूखमा खुर्द में कई गांव जुड़े हैं। इन गांवों के लोग खाद-बीज को समिति पर निर्भर हैं। समिति में सचिव की मनमानी से अक्सर ताला बंद रहता है। किसानों ने बताया कि क्षेत्र के किसी भी समिति पर खाद उपलब्ध होने की सूचना मिलती है तो सवेरे से किसानों की लाइन लग जाती है। रूखमा खुर्द समिति में खाद है, लेकिन सचिव की मनमानी से चक्कर लगाने के बाद भी किसानों को खाद नहीं मिल रही।

बैनामों में डीएम को नहीं मिली स्टाम्प कमी

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने तरौहा रूरल, सीतापुर रूरल, कोल गदहियां तहसील कर्वी में स्टांप बाबत बड़ी मालियत के पंजीकृत बैनामों का मौके पर स्थलीय निरीक्षण किया।

शुक्रवार को जिलाधिकारी ने तरौहा के गाटा संख्या 656-57 में विक्रेता चन्द्रपाल एवं क्रेता मिथलेश कुमारी, एवं कोलगदहिया गाटा संख्या 195-175 के विक्रेता शकुंतला सिंह, ममता सिंह एवं क्रेता सुधा सिंह, सीतापुर में गाटा संख्या 761 से 767 में विक्रेता वंश गोपाल व अरविंद पुत्र लालमणि आदि एवं क्रेता दीपाअमरनानी के प्लाटों को मौके पर देखा। तरौहा के गाटा संख्या 656, 657 बाबत उन्होंने उपनिबंधक कर्वी से कहा कि इन गाटाओं में आवासीय रेट लगाया है या नहीं, उप निबंधक ने बताया कि आवासीय रेट ही लगाया है। निरीक्षण दौरान स्टांप कमी नहीं मिली। निरीक्षण दौरान एसडीएम सदर सौरभ यादव, एएसडीएम विवेक सिंह, उप निबंधक कर्वी राजेश सिंह समेत लेखपाल मौजूद रहे।

वोटर अनुपात सभी दल बढायें : डीएम

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने निर्वाचन बाबत राजनीतिक दलों के साथ बैठक में कहा कि 18 से 19 वर्ष के युवा वोटर को ज्यादा से ज्यादा जोड़ने का प्रयास करें। महिला वोटर पर विशेष फोकस करें।

शुक्रवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि जिले में वोटर प्रतिशत का अनुपात कम है। अन्य जिलों की तुलना में इसे बढ़ाना है। सभी राजनीतिक दलों से कहा कि कोई समस्या हो तो एडीएम व एआरओ तथा उनसे संपर्क कर सकते हैं।

सभी राजनीतिक दलों से कहा कि पारदर्शिता से सहयोग करें। वोटर अनुपात बढायें। सभी उपजिलाधिकारी को निर्देश दिये कि बीएलओ के साथ बैठक कर टारगेट दें, इतने वोटर बढ़ाने हैं। जिन मतदाता की मृत्यु हो गई है, उन पर विशेष ध्यान दें। इनके नाम से ही फर्जी वोट पड़ते हैं। लिपिकीय त्रुटियों को भी शुद्ध करायें। फार्म 8 पर विशेष फोकस करें, रिकॉर्ड भी देखें। इस मौके पर एडीएम श्रीमती बंदिता श्रीवास्तव, एसडीएम सदर सौरभ यादव, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मऊ राकेश कुमार पाठक, मानिकपुर रामजन्म यादव, जिला भाजपा उपाध्यक्ष हरि ओम करवरिया, जिलाध्यक्ष कांग्रेस कुलदीप सिंह पटेल, जिला उपाध्यक्ष समाजवादी नरेंद्र यादव, जिलाध्यक्ष आम आदमी पार्टी संतोषीलाल शुक्ला, जिलाध्यक्ष अपना दल रामसिया पटेल, जिलाध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी शिव बाबू वर्मा आदि मौजूद रहे।

राम वन गमन यात्रा साधु-संतों ने भरद्वाज आश्रम से निकाल आये चित्रकूट

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। प्रयागराज विद्वत परिषद प्रयागराज के तत्वावधान में जहां-जहा चरण पड़े प्रभु श्रीराम के कार्यक्रम महर्षि भरद्वाज प्रतिमा पर प्रातः पूजन व आरती के साथ हरिचैतन्य ब्रह्मचारी टीकरमाफी की अगुवाई में साधु-संतों की प्रमाणिक राम वन गमन यात्रा शुरू हुई।

गुरुवार को देर शाम हरिचैतन्य ब्रह्मचारी टीकरमाफी ने कहा कि भगवान श्रीराम जिस मार्ग से चित्रकूट वन गए थे, उस प्रमाणिक मार्ग पर भारत के इतिहास में पहली बार एक दर्जन साधु-संतों समेत श्रीराम वन मार्ग पर चलेंगे। ये यात्रा हिंदू समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी। प्रभु श्रीराम स्मृति में प्रतिवर्ष यात्रा निकलना चाहिए। जगतगुरु रामानुजाचार्य श्रीधराचार्य, महंत यमुनापुरी महाराज महानिवाड़ी अखाड़ा समेत व्यास मुनि पौराणिक हर्ष तीर्थ, महाराज सच्चा बाबा आश्रम, राधा मोहनदास महाराज व त्यागी जी महाराज गांगुली शिवाला

आदि संत चल रहे है। संतों के साथ सुजावनदेव, मसुरियन माई, मनकामेश्वर धाम लालापुर, ऋषियन, बाल्मिकी आश्रम होते कामदगिरि मुखारबिंद तक प्रबुद्धजनों के साथ यात्रा मिसाल बनेगी। भारतीय संस्कृति, सभ्यता, पौराणिक कथाओं व श्रीरामचरितमानस में उल्लेखित मार्ग पर यात्रा होने से प्रयागराज व चित्रकूटवासियों की जनभावनाओं के सम्मान में प्रमाणिक राम वन गमन मार्ग में पड़ने वाले प्रत्येक गांव का नागरिक जागृत होगा। सुजावनदेव देवरिया भीटा, मसुरियन माई अमिलिया तरहार, मनकामेश्वर धाम लालापुर तथा ऋषियन में राम वन गमन मार्ग पर नवस्थापित बोर्ड का साधु-संत के करकमलों से अनावरण हुआ। जगह-जगह नागरिकों को फूलों की वर्षा व नगाड़ों के ताल से स्वागत कर खुशियों से सराबोर हुआ। स्कूली बच्चों ने चाका ब्लाक से लेकर लालापुर तक संत महात्माओं को पुष्पों की वर्षा व माला पहनाकर स्वागत किया।

यात्रा के समन्वयक वीरेन्द्र पाठक, पूर्व आईजी लालजी शुक्ल, यमुनापार प्रभारी दिनेश तिवारी रहे। लालापुर चैराहे पर मंच में संतों का स्वागत हुआ। चित्रकूट में यात्रा का स्वागत शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के अध्यक्ष विवेक कुमार अग्रवाल के निवास पर हुआ। आवास पर यात्रा में शामिल साधु संतों, रिटायर्ड आईएएस और आईपीएस अधिकारियों समेत पत्रकारों का माल्यार्पण कर सम्मान कर जलपान एवं भोजन करवाया। इस मौके पर डीसीबी बांदा चित्रकूट के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, संस्था के महासचिव केशव शिवहरे, कोषाध्यक्ष संजय अग्रवाल समेत गिरीश अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, सुरेश कंसल, अशोक केशरवानी, राम अग्रवाल, अमित अग्रहरि, अशोक द्विवेदी डॉ मनोज द्विवेदी, शुभम केशरवानी समेत शहर के गणमान्य नागरिकों ने यात्रा का स्वागत किया। यात्रा अपने गंतव्य परिक्रमा मार्ग स्थित कामदगिरि मुखारविंद मंदिर को रवाना हुई। प्रयागराज से चित्रकूट आई इस यात्रा की व्यवस्था रघुनाथ द्विवेदी संभाल रहे थे।

विरासत वृक्ष की पूजा कर संरक्षित करने वाले को किया सम्मानित, विरासत वृक्ष है भौंरी गांव में

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। प्रदेश सरकार के विरासत वृक्ष अंगीकरण योजना में सौ साल से ज्यादा आयु के 28 प्रजाति के वृक्षों को विरासत वृक्ष घोषित किया है। विरासत वृक्ष के कृष्ण कदम नाम का वृक्ष या तो मथुरा वृंदावन में है या फिर भौंरी गांव सभा में काली देवी पहाड़ में है। संरक्षण को शंकरलाल कुशवाहा ने जिलाधिकारी को विरासत वृक्ष की पूजा-अर्चना भरद्वाज आश्रम के शंकराचार्य के अनुयाइयों से काली देवी पहाड़ में विधि-विधान से कराई।

शुक्रवार को विरासत वृक्ष संरक्षण समिति के संस्थापक सदस्य शंकरलाल कुशवाहा ने बताया कि सरकार इस योजना से सौ वर्ष आयु से ज्यादा के वृक्षों को संरक्षण की जरूरत है, तभी प्रदूषण मुक्त माहौल बन सकता है। वृक्षों के संरक्षण में काफी कमी

आई है। आज अकाल, अतिवृष्टि समस्या से किसान जूझ रहे हैं। संरक्षण समिति संरक्षक अभिमन्यु सिंह ने कहा कि वृक्ष संरक्षित है तो जल संरक्षण होगा और प्रदूषण मुक्त होगा।

जिले की नदियां प्रदूषित हो रही है। आगे की पीढ़ी को संस्कारवान बनाना है तो जल व वृक्ष संरक्षित करना होगा। स्वामी शंकराचार्य ने आस्थावान जनता को आर्शी वचन देते हुए कहा कि भौंरी गांव के काली देवी पहाड़ सौ वर्ष से ज्यादा के कृष्ण कदम वृक्षों का बाग संरक्षित कर भारतीय संस्कृति को जीवंत बनाए हैं। इस प्रयास में वृक्ष संरक्षण समिति के आस्थावान लोगों का प्रयास भारत में मील का पत्थर साबित होगा। स्वामी शंकराचार्य ने प्रशस्ति देकर शंकरलाल कुशवाहा को सम्मानित किया। कार्यक्रम को भव्य बनाने में क्षेत्रीय लोगों ने तन-मन धन से सहयोग किया। पूर्व प्रधान मनीष मिश्रा का योगदान सराहनीय रहा।

कृष्ण कदम्ब के भौंरी में हैं बाग

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। भौरी गांव चित्रकूट में राष्ट्रीय राजमार्ग राम वनगमन मार्ग से लगी काली देवी पहाड़ी पर कृष्ण कदम्ब का बाग है। जिन पेड़ो को पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के तहत वनाधिकारी ने विरासत वृक्ष घोषित किया है। पूज्यपाद शंकराचार्य महामंडलेश्वर रूपानन्द एवं संतो ने कृष्ण कदम्ब वृक्षों का विधिवत पूजन-अर्चन किया।

मफतलाल मानव सेवा को समर्पित थे : पीएम

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। स्व सेठ अरविंद भाई मफतलाल की जन्म शताब्दी समारोह पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट में रघुवीर मंदिर में पूजा कर सदगुरू नेत्र चिकित्सालय के मॉडल को देखा। उन्होंने नवीन जनरल चिकित्सालय विंग का शुभारम्भ किया। अरविंद भाई की समाधि पर पहुंच पुष्पांजलि अर्पित की। सदगुरू पब्लिक स्कूल परिसर में मफतलाल की याद में डाक टिकट जारी किया। सदगुरू परिवार से कहा कि अरविंद भाई मफतलाल मानव सेवा को समर्पण भाव से काम करते रहे हैं। चित्रकूट क्षेत्र में 1968 में ट्रस्ट की स्थापना की थी। उस दौर में सडक, बिजली कोई व्यवस्था नही थी, अरविंद भाई ने मानव सेवा को त्याग-समर्पण किया, वह स्मरणीय है। नानाजी को प्रणाम करते हुए याद किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि कामतानाथ महाराज सबकी विपत्तियां, संकट दूर करने वाले है, इनके दर्शन मात्र से सारे कष्टों का विनाश होता है। इस मौके पर सब स्पेशलिटी निर्माण में अरविंद भाई मफतलाल परिवार मुंबई, प्रमोद भाई हरियाणी परिवार जयपुर, बीके गौड़ परिवार दिल्ली, हरीश बलसारा ट्रस्ट, डा प्रकाश शाह अमेरिका, ललित जोबनपुत्रा परिवार मुंबई, प्रवीण वकील एवं विरायुश वकील मुंबई, स्नेहलता बेन, गिरीश भाई कल्पना पटेल अमेरिका, आनंद भाई संगीता पटेल अमेरिका, मारुति ट्रस्ट, ललित भाई रीता जोबनपुत्रा, अशोक त्रिवेदी परिवार एवं तमाम गुरु भाई-बहनें मौजूद रहीं। पूरी तरह से गैर राजनीतिक कार्यक्रम में किसी भी स्थानीय नेता को प्रवेश की अनुमति नहीं मिली। इससे नेता खासे मायूस हुए।

15 लीटर शराब समेत एक दबोचा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में चैकी प्रभारी सीतापुर श्यामदेव सिंह की टीम ने पवन केवट पुत्र रामराज निवासी लोसरीहा थाना नयागांव जिला सतना मप्र के कब्जे से 15 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में चैका प्रभारी सीतापुर श्यामदेव सिंह, सिपाही अतुल सिंह परिहार व सिपाही अमर यादव शामिल रहे।

मतदाता पंजीकरण को विशेष तिथियां निर्धारित : एडीएम

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। भारत निर्वाचन आयोग ने अर्हता तिथि एक जनवरी 2024 पर विधानसभा निर्वाचक नामावली विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण/मतदाता पंजीकरण 27 अक्टूबर से 9 दिसंबर तक जारी है। आज छत्रपति साहूजी महाराज महिला महाविद्यालय कर्वी में अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी वन्दिता श्रीवास्तव ने पांच छात्राओं को फार्म 6 भराकर शुभारंभ किया।

शुक्रवार को अपर जिलाधिकारी ने कहा कि 27 अक्टूबर को आलेख प्रकाशन हो रहा है। आज से दावे एवं आपत्तियां ली जायेंगी। नए मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा। नाम विलोपित भी किये जायेंगे। ऑफलाइन एवं ऑनलाइन से पंजीकरण करा सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन को डाउनलोड कर पंजीकरण करा सकते हैं। ऑफलाइन आवेदन को फार्म 6 भरकर मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते हैं। ये कार्य 4-5 नवम्बर, 25-26नवम्बर व 2-3 दिसम्बर को विशेष तिथियां निर्धारित की गई हैं। प्रत्येक बूथ पर उपस्थित रहकर बीएलओ पंजीकरण कार्य करेंगे। उप जिलाधिकारी सदर सौरभ यादव ने कहा कि एक जनवरी को जिन युवाओं की 18 वर्ष उम्र पूरी हो रही है, वे मतदाता सूची में नाम दर्ज करा सकते हैं। मतदाता बनकर लोकतंत्र महोत्सव में हिस्सा ले सकते हैं। पंजीकरण फॉर्म 8 से निवास परिवर्तन, मतदाता सूची में संशोधन भी करा सकते हैं। नोडल अधिकारी स्वीप/जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने छात्र-छात्राओं को मतदाता बनने को प्रेरित किया। संचालन शिक्षक सुरेश प्रसाद ने किया। इस मौके पर स्वीप आइकन मइयादीन पटेल, मोहनलाल दीन, विनोद कुमार, विमल, अफरोज बाबू, प्रेमचंद, सुशील आदि मौजूद रहे।

दम्पति को परिवार परामर्श केन्द्र ने मिलाया

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने के प्रयास में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र ने एक दम्पति के आपसी विवाद को समाप्त कराकर परिवार को टूटने से बचाया। शुक्रवार को कोतवाली कर्वी के चकरेही रोड बल्दाऊगंज की श्रीमती शालिनी गुप्ता उर्फ गीतू पुत्री स्व मुन्नीलाल गुप्ता ने पति दिलीप कुमार गुप्ता पुत्र रज्जनलाल गुप्ता के दहेज को प्रताडित करने एवं घर से निकालने बाबत पत्र पुलिस अधीक्षक को सौंपा। पुलिस अधीक्षक ने पत्र निस्तारण को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र भेजा। केन्द्र में नियुक्त महिला सिपाही शिवांगनी श्रीवास्तव व महिला सिपाही सुरुचि चैधरी ने शिकायत को विस्तार से सुन-समझकर दूसरे पक्ष को पुलिस कार्यालय बुलाया। दोनों पक्षों से भविष्य में आपस में विवाद न करने तथा पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही।

चीन के पूर्व प्रधानमंत्री ली केकियांग का दिल का दौरा पड़ने से निधन

बीजिंग। चीन के पूर्व प्रधानमंत्री ली केकियांग का 68 वर्ष की आयु में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। सुधारवादी विचारधारा वाले नौकरशाह ली को एक समय चीन के भावी राष्ट्रपति के रूप में देखा जाता था। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है।

ली को दिल का दौरा पड़ा था और शुक्रवार सुबह शंघाई में उन्होंने अंतिम सांस ली। प्रधानमंत्री के रूप में ली ने अन्य प्रधानमंत्रियों की तुलना में अपनी आधुनिक छवि बनाई।

चीन अपनी चालों से नहीं आ रहा बाज, दक्षिण चीन सागर में गश्त कर रहे अमेरिकी विमान को रोकने की कोशिश

उत्तरी ओंटारियो। चीन की हरकतें किसी से छिपी नहीं है। वह आए दिन दक्षिण चीन सागर के ऊपर अमेरिकी विमानों से भिड़ने की कोशिश करता रहता है। दक्षिण चीन सागर में क्षेत्राधिकार को लेकर दोनों देशों के बीच विवाद लगातार बना हुआ है। इस बीच, अमेरिका ने दावा किया है कि चीन ने दक्षिण चीन सागर में रूटीन ऑपरेशन कर रहे अमेरिकी वायुसेना के ब्क-52 विमान को गलत तरीके से रोकने की कोशिश की। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो साझा किया है। साथ ही बताया कि चीन के जे-11 विमान के पायलट ने 24 अक्तूबर को अमेरिकी वायुसेना के विमान को गैरपेशेवर तरीके से रोकने की कोशिश की थी। चीन के विमान की रफ्तार बहुत तेज थी। एक समय पर दोनों विमानों के बीच की दूसरी महज 10 फीट थी, जिससे विमानों के आपस में टकराने का खतरा बन गया था।

टक्कर होने से बची

अमेरिका का आरोप है कि चीनी विमान जानबूझकर गैर पेशेवर तरीके से अमेरिकी विमान के नजदीक पहुंचा और उसका रास्ता रोकने की कोशिश की। दोनों के बीच, दूरी इतनी कम बची थी कि आपस में तेज टक्कर हो सकती थी।

अंतरराष्ट्रीय हवाई सुरक्षा नियमों के विपरीत

अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह घटना 24 अक्तूबर रात की है। उस समय दृश्यता (विजिबिलिटी) बहुत सीमित थी और यह हरकत अंतरराष्ट्रीय हवाई सुरक्षा नियमों के विपरीत है। अमेरिकी हिंद-प्रशांत कमान ने कहा, हमें लगता है कि चीन के पायलट को यह अंदाजा तक नहीं था कि विमानों की टक्कर हो सकती है। यह घटना असुरक्षित, गैरपेशेवर और अमेरिका सहित कई अन्य देशों के रूटीन ऑपरेशन के लिए घातक है।'

इस्राइल-हमास युद्ध से पश्चिम एशिया में बिगड़ सकते हैं हालात, अमेरिका ने तैनात किए 900 सैनिक

वाशिंगटन। अमेरिका के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस्राइल-हमास युद्ध के बीच करीब 900 अमेरिकी सैनिक पश्चिम एशिया में तैनात कर दिए हैं या फिर उन्हें तैनात किया जा रहा है। पेंटागन के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल पैट राइडर ने कहा कि सैनिकों के साथ ही एयर डिफेंस के लिए फोर्ट ब्लिस टेक्सास से थाड सिस्टम (टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस बैटरी), फोर्ट सिल ओकलाहामा से पैट्रियट बैट्रीज और फोर्ट लिबर्टी, नॉर्थ कैरोलिना से पैट्रियट और अवेंजर्स बैट्रीज की ब्रिगेड भी तैनात की जा रही है।

इस्राइल में नहीं होगी अमेरिकी सैनिकों की तैनाती

पैट राइडर ने हालांकि इस बात का खुलासा नहीं किया कि अमेरिकी सैनिकों की पश्चिम एशिया में किस जगह तैनाती की जाएगी लेकिन उन्होंने साफ किया कि ये सैनिक इस्राइल नहीं भेजे गए हैं बल्कि पश्चिम एशिया में पहले से मौजूद अमेरिकी सेना की सुरक्षा को मजबूत करने के लिहाज से इन सैनिकों की तैनाती हो रही है। पेंटागन अधिकारी ने बताया कि 17 अक्तूबर से 26 अक्तूबर के बीच अमेरिका और इसके सहयोगी बलों पर कम से कम 12 बार इराक से, चार बार सीरिया से हमले हुए हैं। इनमें ड्रोन और रॉकेट हमले शामिल हैं। पेंटागन की तरफ से ये भी कहा गया कि अमेरिका, इस्राइल को दो आयरन डोम सिस्टम उपलब्ध कराने की तैयारी कर रहा है ताकि इस्राइल की सुरक्षा क्षमता को बढ़ाया जा सके। बता दें कि पेंटागन ने हाल ही में करीब दो हजार अमेरिकी सैनिकों को पश्चिम एशिया में तैनात करने की तैयारी की हुई है।

इजराइल ने हमास की दाराज तुफाह बटालियन के तीन कमांडर मारे

तेल अवीव। इजराइल ने फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास के तीन शीर्ष कमांडर को ढेर कर दिया। इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर तीनों के फोटो के साथ यह सूचना साझा की है। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है। आईडीएफ का कहना है कि उसके लड़ाकू विमानों ने हमलाकर हमास की सबसे मजबूत दाराज तुफाह बटालियन के तीन महत्वपूर्ण कमांडर इब्राहिम जादबा, रिफात अब्बास और तारेक मारूफ को ढेर कर दिया। इन तीनों ने सात अक्टूबर को इजराइल के खिलाफ आक्रमण और नरसंहार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

अमेरिका में ताबड़तोड़ फायरिंग, 18 की मौत, 13 घायल

लेविस्टन (अमेरिका)। अमेरिका के प्रमुख शहर लेविस्टन में गोलीबारी की भयावह घटना को लोग भूल भी नहीं पाए थे कि 24 घंटे के भीतर दोबारा एक सिरफिरे ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर 18 लोगों की जान ले ली। इस गोलीबारी में 13 अन्य लोग घायल हो गए। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अभी संदिग्ध 40 वर्षीय रॉबर्ट कार्ड की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। उसकी तेजी के साथ तलाश की जा रही है। मेन पब्लिक सेफ्टी कमिश्नर माइक सॉस्चक ने कहा कि यह जानने का प्रयास किया जा रहा है कि क्या संदिग्ध किसी विशिष्ट व्यक्ति को निशाना बना रहा था। यह वारदात एक रेस्तरां में हुई। उल्लेखनीय है कि इससे पहले लेविस्टन में बुधवार रात एक व्यक्ति द्वारा की गई अंधाधुंध फायरिंग में 22 लोगों की मौत हो गई। साथ ही 50 से अधिक लोग घायल हो गए।



गाजा पर गरजे इजराइली टैंक, सीरिया पर अमेरिका की एयर स्ट्राइक

तेल अवीव / वाशिंगटन/ यरुशलम। फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास के इस महीने की सात तारीख को इजराइल पर किए गए हमले के बाद समूची गाजा पट्टी युद्ध की लपटों से झुलस रही है। इजराइल ने हवाई हमलों के बाद जमीनी आक्रमण की पूरी तैयारी कर ली है। इजराइल के टैंकों ने गाजा में भारी तबाही मचाई है। इस बीच अमेरिका ने सीरिया पर एयर स्ट्राइक की है। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है।

इजराइल के युद्धक विमानों ने गुरुवार को खान यूनिस (गाजा) में आवासीय क्षेत्रों में बमबारी की। इससे पहले इजराइल के टैंकों व सैन्य टुकड़ियों ने गाजा में हमास के ठिकानों पर सीमित जमीनी हमला किया। जमीनी हमले से पहले टैंकों व पैदल सेना की टुकड़ी ने हमास नियंत्रित गाजा में रातभर छापे मारे। इस स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र ने चेताया है कि गाजा पट्टी में ईंधन खत्म होने की कगार पर है। इस वजह से उसे क्षेत्र में राहत प्रयास रोकने को मजबूर होना पड़ेगा।

इजराइल की वायुसेना ने एक वीडियो जारी कर कुछ बंधकों को छुड़ाए जाने का दावा किया है। कहा गया है कि इस ऑपरेशन को दक्षिणी इजराइल सीमा के पास किबुत्ज बेरी में अंजाम दिया गया। हमास ने भी दावा किया है कि इजराइल के हवाई हमलों में गाजा में 50 बंधकों की मौत हो गई है।

एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक, गाजा में 1600 लोगों के लापता होने की सूचना है। इनमें 900 बच्चे भी हैं। हवाई हमले में ध्वस्त हुई इमारतों में कई लोगों के दबे होने की आशंका है। इजराइली वायुसेना ने हमास के 250 ठिकानों को निशाना बनाया है। इजराइल की थल सेना आज आगे बढ़ सकती है।

मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि इजराइली सीमा के पास मिस्र के लाल सागर के पास ताबा शहर पर मिसाइल ने एक चिकित्सा सुविधा केंद्र को निशाना बनाया है। इसमें छह लोगों की मौत हो गई। मगर इजराइल ने इस हमले से इनकार किया है। उल्लेखनीय है कि इजराइल-हमास युद्ध का आज 21वां दिन है। हमास के हमले के जवाब में इजराइली सेना लगातार कार्रवाई कर रही है। गाजा पट्टी के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि इजराइल की बमबारी में अब तक 7,000 से अधिक लोग मारे गए हैं। हमास के हमले में अब तक 1400 से अधिक इजराइली नागरिकों की मौत हुई है। इस युद्ध के बीच अमेरिका ने सीरिया में ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स से जुड़े दो स्थानों पर एयर स्ट्राइक की है। पेंटागन ने कहा कि ये हमले अमेरिकी ठिकानों और कर्मियों के खिलाफ हाल ही में किए गए ड्रोन और मिसाइल हमलों का जवाब है। अमेरिका के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि करीब 900 अमेरिकी सैनिक पश्चिम एशिया में तैनात किए गए हैं।

मेक्सिको में ओटिस तूफान से तबाही, 27 की मौत

मेक्सिको। मेक्सिको में ओटिस तूफान से भारी तबाही हुई है। मेक्सिको की सरकार ने कहा कि श्रेणी पांच के तूफान ओटिस ने कम से कम 27 लोगों की जान ले ली। इसे देश में आए अब तक के सबसे शक्तिशाली तूफानों में से एक माना जा रहा है। इसने अकापुल्को के समुद्र तट रिसॉर्ट को नुकसान पहुंचाया है। इससे अरबों डॉलर का नुकसान हुआ। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि ओटिस की वजह से सड़कों पर पानी भर गया। घरों और होटलों की छतें उड़ गईं। कारें जलमग्न हो गईं और संचार, सड़क और हवाई पहुंच में दिक्कतें हो रही हैं। तूफान की वजह से लगभग 900,000 की आबादी वाले शहर अकापुल्को में मलबा फैल गया। चार लोग अभी भी लापता हैं।



राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर ने मैक्सिको सिटी में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अकापुल्को को जो झेलना पड़ा, वह वास्तव में विनाशकारी था। 165 मील प्रति घंटे की हवाओं के साथ दक्षिणी मैक्सिको में पहुंचे इस तूफान ने भारी तबाही मचाई। यह इतना शक्तिशाली था कि इसने विशालकाय पेड़ों को जड़ों से उखाड़ दिया।

भारतीय मूल के शख्स को 12 हफ्ते की जेल, जुर्माना भी लगा; अपनी वैन से साइकल सवार को मारी थी टक्कर

सिंगापुर। सिंगापुर में एक 70 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति को 12 हफ्तों की सजा सुनाई गई है। इसी के साथ उनपर सभी श्रेणी के ड्राइविंग लाइसेंस रखने और प्राप्त करने पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। दरअसल, साल 2021 में एक दुर्घटना के दौरान एक साइकिल चालक की मौत के मामले में उन्हें सजा दी गई है। आरोपी भगवान तुलसीदास बिनवानी की उम्र 65 वर्ष होने के बाद उसके ड्राइविंग लाइसेंस की वैधता खत्म हो गई थी, इसके बावजूद उसने अगले तीन वर्षों तक घटना से पहले तक अपनी ड्राइविंग जारी रखी। अदालत ने आरोपी पर 3,800 सिंगापुर डॉलर का जुर्माना भी लगाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उसने अदालत में एक 54 वर्षीय मजदूर की मौत के लिए अपना दोष स्वीकार किया था। आरोपी के ऊपर बिना वैध लाइसेंस और बिना वैध बीमा के ड्राइविंग करने का भी आरोप लगाया है। हालांकि, उसने अपने ऊपर लगे इस आरोपों को स्वीकार किया है। अदालत को मिली जानकारी के अनुसार तुलसीदास बिनवानी बिनवानीस एंटरप्राइज का संचालन करता है।

हमास आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट कर वापस लौटी इजरायली सेना

यरूशलम। इजरायल सेना ने ग्राउन्ड ऑपरेशन से पहले ही गाजा में घुसकर हमास आतंकियों के ठिकानों को तबाह कर दिया है। इसकी जानकारी इजरायली सेना ने गुरुवार को वीडियो जारी करके दिया है। इस वीडियो में इजराइली सैनिक भारी टैंक और सैनिकों को लेकर गाजा सीमा में घुसे और हमास के कई ठिकानों को तबाह करते हुए देखा जा सकता है। इन तबाह किए ठिकानों में एंटी टैंक मिसाइल लॉन्च पोस्ट भी शामिल थीं। उधर, गाजा में फलस्तीनी नागरिकों को सहायता प्रदान करने वाली संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने कहा कि आश्रय, पानी, भोजन और चिकित्सा सेवाओं की सख्त जरूरत के बीच अगर हमास शासित क्षेत्र में कोई ईंधन नहीं पहुंचता है तो उसे जल्द ही ऑपरेशन बंद करना पड़ सकता है। इजराइली सेना ने एक बयान में कहा कि दो सप्ताह से अधिक के भारी हवाई हमलों के बाद व्यापक जमीनी घुसपैठ की आशंका के बीच उसके सैनिक और टैंक बुधवार की रात उत्तरी गाजा में कुछ देर के लिए दाखिल हुए और कई आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया। 07 अक्टूबर को हमास द्वारा किया हमला अब गाजा के लोगों चारों तरफ से त्रस्त कर रखा है। यह युद्ध दोनों पक्षों के बीच हुए पांच गाजा युद्धों में से सबसे घातक है। अब तक छह हजार फलस्तीनियों की इजरायल के जवाबी हमले के बाद जान चली गई है, तो 15 हजार से अधिक लोग घायल हैं। वहीं, हमास आतंकियों ने कई इजरायलियों को या तो बंधक बना लिया गया है या उन्हें इस हमले में मौत के घाट उतार दिया है। गाजा की सीमा पर इजरायल के हजारों सैनिक टैंक के साथ तैनात हैं। बुधवार को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल जमीनी घुसपैठ की तैयारी कर रहा है। उन्होंने यह बताने से इनकार कर दिया कि यह कब शुरू होगा। लेकिन इस बयान के बाद ही बुधवार देर रात इजरायल के सैनिक भारी मात्रा में गाजा में घुसकर भयानक तबाही मचाई। बुधवार के घुसपैठ में इजरायल की सेना ने हमास आतंकियों के ठिकानों के साथ-साथ कई इमारतों को भी तबाह किया।

वैश्विक मंदी के बाद भी भारत की विकास दर 6.3 प्रतिशत रहेगी: जयशंकर

बिश्केक । किर्गिस्तान में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शासनाध्यक्षों की बैठक में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि वैश्विक मंदी के बावजूद भारत की जीडीपी की विकास दर 6.3 फीसदी से अधिक रहेगी।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शासनाध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि आज विश्व आर्थिक मंदी, बाधित आपूर्ति श्रृंखला, इन सभी चुनौतियों के बाद भी लचीलापन दिखा रहा है। विदेश मंत्री ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 6.3 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि भारत के साथ एससीओ सदस्य देशों के बीच व्यापार में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि इस दौरान भारत-रूस के साथ व्यापर में तेजी से वृद्धि हुई है उन्होंने कहा कि पिछले साल इस संगठन के सभी सदस्य देशों के साथ व्यापार में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिसे कई गुना बढ़ने की संभावना है। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत स्थायी और पारस्परिक रूप से सदस्य देशों के साथ साझेदारी करने के लिए इच्छुक है। उन्होंने कहा कि हम क्षेत्र के भीतर व्यापार में सुधार करने का प्रयास करते हैं, हमें मजबूत कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे की आवश्यकता है। भारत ने अपनी विकासात्मक यात्रा में इन सभी चिजों को सबसे अधिक प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि कनेक्टिविटी पहल को हमेशा सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें यह ध्यान में रखना चाहिए कि ग्लोबल साउथ को अपारदर्शी पहलों से उत्पन्न होने वाले अव्यवहार्य ऋण का बोझ नहीं उठाना चाहिए। मुझे विश्वास है कि भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) और अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा (आईएनएसटीसी) इस आर्थिक समृद्धि लाने में सहायक बन सकता है।

वॉशिंगटन डीसी में हुई चीनी विदेश मंत्री वांग यी और एंटनी ब्लिंकन की मुलाकात, इन अहम मुद्दों पर हुई बातचीत

वॉशिंगटन डीसी। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच शुक्रवार को वॉशिंगटन डीसी में मुलाकात हुई। दोनों देशों के बीच बातचीत को बढ़ावा देने के लिहाज से दोनों नेताओं की यह मुलाकात अहम है। गौरतलब है कि इससे पहले एंटनी ब्लिंकन ने बीजिंग का दौरा किया था। अमेरिकी सरकार की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि बैठक में दोनों नेताओं का फोकस द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों से जिम्मेदारी से निपटने पर रहा। साथ ही उन क्षेत्रों की भी पहचान करने की कोशिश की गई, जहां दोनों देश सहयोग कर सकते हैं। अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने एक बयान में कहा कि विदेश सचिव एंटनी ब्लिंकन ने चीन के विदेश मंत्री वांग यी की आज वॉशिंगटन में आगवानी की। दोनों देशों के बीच बातचीत जारी रखने की कोशिशों के तहत एंटनी ब्लिंकन के बीजिंग दौरे के जवाब में यह दौरा हो रहा है। अमेरिका ने चीन के पूर्व पीएम ली केकियांग के निधन पर दुख भी जताया। इससे पहले जून में एंटनी ब्लिंकन ने बीजिंग का दौरा किया था।

जैक सुलिवन ने भी की वांग यी से मुलाकात

वॉशिंगटन डीसी में अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने भी वांग यी से मुलाकात की। वांग यी तीन दिवसीय दौरे पर अमेरिका आए हैं। वांग यी के इस दौरे से अमेरिका और चीन के रिश्तों में कुछ गर्माहट आने की उम्मीद है। बता दें कि दोनों देशों के बीच 2018 से व्यापार को लेकर खींचतान चल रही है। बीते दिनों जासूसी विवाद के चलते भी दोनों देशों के रिश्ते बिगड़ गए थे। हालांकि अब दोनों देश कोशिश कर रहे हैं कि इस तनाव को कम किया जाए।

आकाश, ईशा और अनंत की आरआईएल निदेशक मंडल में नियुक्ति को मंजूरी

नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के निदेशक मंडल में आकाश, ईशा और अनंत अंबानी की नियुक्ति को शेयरधारकों ने मंजूरी दे दी है। इन तीनों को गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि शेयरधारकों ने कंपनी के निदेशक मंडल में आकाश अंबानी, ईशा अंबानी और अनंत अंबानी की नियुक्ति को अपनी मंजूरी दे दी। 32 वर्षीय जुड़वां ईशा और आकाश अंबानी को रिलायंस के बोर्ड में नियुक्त होने के लिए 98 फीसदी से अधिक वोट मिले, जबकि 28 वर्षीय अनंत को 92.75 फीसदी वोट मिले हैं। बयान में कहा गया है कि निदेशक मंडल ने नीता अंबानी का बोर्ड से इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन के तौर पर नीता अंबानी बतौर स्थायी आमंत्रित सदस्य के रूप में आरआईएल बोर्ड की बैठकों में भाग लेंगी। गौरतलब है कि अब तक ईशा, आकाश और अनंत अंबानी केवल ऑपरेटिंग बिजनेस स्तर पर शामिल थे।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।